




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 109 | कोरबा, रविवार, दिनांक 19 जनवरी 2025 डाक 20 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा




**विविधा**
प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान अक्षयवट मंदिर के बाहर भक्तों की कतार



**देश-विदेश**
सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार, मुंबई पुलिस ने ठाणे से पकड़ा



**फीचर**
बॉलीवुड के रोमांटिक सिंगर दर्शन रावल ने बेस्ट फ्रेंड संग रचाई शादी




# पीएम मोदी कर रहे 2025 की पहली मन की बात बोले- इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष

**नईदिल्ली, 19 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2025 के पहले मन की बात कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। यह इसका 118वां एपिसोड है। पीएम ने कार्यक्रम में प्रयागराज के महाकुंभ समेत चुनावों पर अपनी बात रखी। मन की बात को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि आप लोगों ने एक बात नोटिस की होगी कि हर बार मन की बात महीने की आखिरी रविवार को होती है, लेकिन इस बार हम एक सप्ताह पहले चौथे रविवार के बजाय तीसरे रविवार को ही मिल रहे हैं, क्योंकि अगले सप्ताह रविवार के दिन ही गणतंत्र दिवस है, मैं सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं।

पीएम ने कहा कि इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया।पीएम ने इसी के साथ कई महान नेताओं की असली आवाज सुनाई। पीएम ने डा. बी आर अंबेडकर, राजेंद्र प्रसाद, शामा प्रसाद मुखर्जी की संविधान को लेकर दिए बयान सुनाए। पीएम ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में भारत का




लोहा मनवा रहे हैं। हम स्पेस में सब्जियां उगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्पेस में लोबिया अंकुरित किया है। जिससे आगे भी सब्जियां उगाने के काम हो सकेगा।पीएम ने कहा कि इसके तहत अंतरिक्ष में दो भारतीय सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक जोड़कर इतिहास रचा गया है।

इस उपलब्धि के साथ, भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश बन गया है। यह मिशन भारत की बढ़ती स्पेस ताकत का उदाहरण है।

## 2025 की पहली मन की बात,सुन रहे सीएम विष्णुदेव साय?



**रायपुर/दिल्ली।** 2025 की पहली मन की बात कार्यक्रम को पीएम मोदी ने संबोधित किया। 2024 के मन की बात के पिछले एपिसोड में पीएम मोदी ने संवैधानिक मूल्यों पर प्रकाश डाला था। उन्होंने कहा था, 26 जनवरी, 2025 को हमारा संविधान लागू होने के 75 साल पूरे हो जाएंगे। यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा हमें सौंपा गया संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए एक मार्गदर्शक है। महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक शुरू अक्टूबर 2014 में शुरू किए गए मन की बात का उद्देश्य भारतीय समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ना है, जिसमें महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हैं। यह आम जनता के बीच बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम है, जिसमें देश भर के लोग पीएम मोदी को सुनते हैं, क्योंकि वे अपने विचार और सुझाव साझा करते हैं, साथ ही समाज में हो रहे उल्लेखनीय विकास के साथ-साथ व्यक्तिगत उपलब्धियों का भी पीएम मोदी विशेष उल्लेख करते हैं।

# लोनी में तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग, महिला और 3 बच्चों की मौत, दीवार तोड़कर अंदर घुसे दमकलकर्मी



**गाजियाबाद, 19 जनवरी [एजेंसी]।**

लोनी कोतवाली क्षेत्र के कंचन पार्क कॉलोनी में तीन मंजिला मकान में आग लग गई। आग लगने से तीसरे तल पर मौजूद महिला, तीन बच्चे और चार अन्य लोग आग की चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने दीवार तोड़कर गंभीर रूप से घायल तीन बच्चे और महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया।

शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है। फिलहाल आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। रविवार सुबह करीब सात बजे लोनी पुलिस को कंचन पार्क चौकी क्षेत्र कस्बा के रिहायशी इलाके में एक तीन मंजिला मकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल लोनी पुलिस व फायर स्टेशन लोनी से अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे। अग्निशमन कर्मियों ने देखा कि आग पूरे तीन मंजिला मकान में फैली हुई थी। इसके बाद आनन-फानन में आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। करीब 500 मीटर हौज पाइप बिछाकर आग बुझाने का काम शुरू किया गया। आसपास के मकान से तीन मंजिला बिल्डिंग की छत पर पहुंचकर दीवार तोड़ी गई। इसके बाद अंदर फंसे आठ लोगों को निकाला गया। जिसमें दम घुटने व झुलसने से तीन बच्चे और महिला की हालत गंभीर थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन चारों की मौत हो गई। महिला गुलबहार पत्नी शाहनवाज उम्र करीब 32 वर्ष व जान पुत्र शाहनवाज उम्र करीब 9 वर्ष ,शान पुत्र शाहनवाज उम्र करीब 6 वर्ष व जीशान पुत्र शमशाद उम्र करीब 9 वर्ष की मौत हो गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि मकान में आग लगने के दौरान प्रवेश का रास्ता नहीं था।आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पड़ोस के मकान से तीसरी मंजिल पर पहुंचे। दीवार तोड़कर मकान में फंसे लोगों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

## कटिहार में बड़ा हादसा, नाव पलटने से 3 की मौत, 7 लोग लापता

**कटिहार, 19 जनवरी [एजेंसी]।**



कटिहार में गंगा नदी के गोलाघाट के पास नाव पलटने से उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग लापता हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार प्राणपुर, बुधनगर एवं किशनपुर गांव के लोग नाव में सवार थे।रविवार सुबह सात बजे के करीब ये सभी लोग छोटी नाव पर सवार होकर पड़ोसी राज्य झारखंड के साहिबगंज में बासकोल स्थित रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। नाव पर 18 लोग सवार थे।क्षमता से अधिक लोग सवार होने के कारण नाव दुर्घटना का शिकार हो गई। अब तक तीन लोगों के शव मिले हैं। सात लापता बताए जा रहे हैं। आठ लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकल गए। लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

## संजू सैमसन को टीम इंडिया में जगह नहीं मिलने से थरूर को आ गया गुस्सा

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में सेलेक्शन कमेटी ने 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया। इस टीम में संजू सैमसन को जगह नहीं मिली और इसी को लेकर टीम मैनेजमेंट की आलोचना की जा रही है।

## केजरीवाल पर प्रवेश वर्मा ने गुंडों से कराया हमला आतिशी ने जारी की तस्वीरें, बीजेपी ने किया पलटवार



**नईदिल्ली, 19 जनवरी [एजेंसी]।**

आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी एक दूसरे पर हमला कराने का आरोप लगाते हुए फिर आमने सामने आ गए। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली के गोल मार्केट के पास चुनाव प्रचार के दौरान शनिवार दोपहर उनके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की कार पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पत्थर फेंककर हमला किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने रविवार को प्रेसवार्ता कर केजरीवाल की कार पर हंगामे को लेकर नई दिल्ली से भाजपा नेता प्रवेश वर्मा पर निशाना साधा है।वहीं, नई दिल्ली सीट से भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वर्मा ने कहा कि केजरीवाल की गाड़ी ने नई दिल्ली के मतदाताओं को टक्कर मारी। पूर्व सीएम के इशारे पर तीनों कार्यकर्ताओं पर गाड़ी चढ़ाई गई है। वो पहले मतदाताओं को चोट पहुंचाते हैं, फिर पथराव का रोना रोते हैंआतिशी ने कहा, अरविंद केजरीवाल पर हमला करने में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं। वे प्रवेश वर्मा के लोग हैं और उनके द्वारा अरविंद केजरीवाल पर जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में राहुल उर्फ सेंकी का नाम आया है। उन पर पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। दिल्ली सीएम ने कहा, अब यह बात साफ हो रही है कि अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए जिन लोगों को भेजा गया, उनका पहले से आपराधिक बैकग्राउंड है। हमला करने वालों की प्रवेश वर्मा के साथ फोटो हैं, एक अन्य नाम है रोहित त्यागी का। रोहित त्यागी भी कई फोटो में प्रवेश वर्मा के साथ दिख रहा है। इसी कड़ी में आप सांसद संजय सिंह ने कहा, दिल्ली में सरेआम गुंडागर्दी चल रही है। प्रवेश वर्मा का प्रचार करने वालों का मकसद क्या है। आए दिन केजरीवाल पर हमला किया जा रहा है। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में कई घटनाएं हो चुकी हैं।

# बांग्लादेशी हो सकता है सैफ का हमलावर, चोरी के इरादे से घर में घुसा था, पुलिस ने किए कई खुलासे

**मुंबई, 19 जनवरी [एजेंसी]।**

मुंबई पुलिस को शक है कि सैफ के हमले का आरोपी बांग्लादेशी है।सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी को लेकर मुंबई पुलिस ने कई खुलासे किए हैं। पुलिस ने रविवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपी का बांग्लादेश से कनेक्शन हो सकता है।

मुंबई पुलिस के जोन 9 के डीसीपी दीक्षित गेडाम ने कहा, 16 जनवरी को रात 2 बजे अभिनेता सैफ अली खान पर उनके घर पर हमला हुआ। बांद्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है। आरोपी चोरी के इरादे से घर में घुसा था। हमें संदेह है कि वो बांग्लादेशी मूल का है। उसके पास वैध भारतीय दस्तावेज नहीं हैं। DCP दीक्षित गेडाम ने कहा, प्रथम दृष्टया आरोपी बांग्लादेशी है और अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद उसने अपना नाम बदल लिया था। अभी उसने अपना वर्तमान नाम विजय दास रखा हुआ था। वो 5-6 महीने पहले मुंबई आया था। आरोपी एक हाउसकीपिंग एजेंसी में काम करता था। सैफ अली खान मामले में पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपी का नाम मोहम्मद शरीफुल



इस्लाम शहजाद है। वह 30 साल का है। आरोपी का कनेक्शन बांग्लादेश से है, ऐसा पुलिस को लग रहा है। पुलिस ने कहा कि आरोपी को कोर्ट में पेश करके कस्टडी की मांग की जाएगी। सैफ अली खान मामले में मुंबई बांद्रा पुलिस स्टेशन में मामला चल रहा है। डीसीपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हमें लगता है कि आरोपी बांग्लादेश से है। इसमें इसी तरह के चार्जेस की मांग की जाएगी।डीसीपी ने कहा कि उन्हें शक है कि आरोपी 5-6 महीने पहले मुंबई आया। इससे पहले मुंबई के आस पास के इलाके में रहता था। 15 दिन पहले वह फिर से मुंबई आया। मुंबई पुलिस ने शनिवार रात 2.50 मिनट पर ठाणे के हीरानंदी इलाके से गिरफ्तार किया है। वह इस इलाके में मजदूरों के साथ रह रहा था। पुलिस को शक है कि हमलावर ने बांग्लादेश से भारत आने के लिए कई बार अपने नाम बदले।

## सीजफायर पर फिर अटकी बात ? नेतन्याहू के तेवर सख्त

**यरुशलम।** इजरायल और हमास के बीच होने वाला युद्धविराम एक बार फिर टलता दिख रहा है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ सख्त तेवर दिखाए हैं। रविवार को नेतन्याहू ने कहा कि जब तक इजरायल को हमास से रिहा किए जाने वाले बंधकों की सूची नहीं मिल जाती, तब तक गाजा में संघर्ष विराम शुरू नहीं होगा। युद्धविराम से बमुश्किल एक घंटे पहले ही इजरायली पीएम ने अपनी चेतावनी दोहराई, जिससे सीजफायर की संभावनाएं फिर कम हो गई हैं।

## कोरोना से भी इतना डर नहीं लगा, बडाल गांव के लोगों ने बयां किया दहशत का मंजर, अब तक 16 की मौत

**राजौरी, 19 जनवरी [एजेंसी]।**

पहाड़ी बडाल गांव में लोग 45 दिनों में एक के बाद एक रहस्यमयी मौतों से पूरा गांव ही डरा हुआ है। लोगों का कहना है कि जिस समय आतंकवाद क्षेत्र में चरम पर था, उस समय हमें मौत का डर नहीं लगा और कोरोना काल में भी नहीं डरे, लेकिन गांव में एक-एक करके तीन परिवारों के 16 लोगों की हुई मौतों से उन्हें डर लगने लगा है।उन्होंने कहा कि पहले हमें लग रहा था कि यह कोई बीमारी है, लेकिन इसकी संभावना को भी अधिकारियों ने खारिज कर दिया है। राजौरी जिला मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर दूर स्थित बडाल गांव के लोग डर व सहमे हुए हैं और वो चाहते हैं कि जल्द ही इन मौतों के मामलों से पर्दा उठ सके।क्षेत्र से नेशनल



कॉन्फ्रेंस के विधायक जावेद इकबाल चौधरी ने कहा यह हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि अगर किसी के पास कोई सुराग है तो कृपया आगे आएं।विधायक ने कहा कि सात दिसंबर को गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मरने वाले पहले लोगों में मुहम्मद असलम के बहनोई फजल हुसैन और उनके चार बच्चे थे। शुरू में माना गया कि वे फूड पॉइजनिंग से मरे हैं, क्योंकि परिवार ने कुछ समय पहले ही एक शादी में भाग लिया था।असलम के चचेरे भाई रफीक की गर्भवती पत्नी और उसके तीन बच्चों की 12 दिसंबर को मौत हो गई। विधायक ने कहा कि सरकार ने स्थिति पर संवेदनशील तरीके से प्रतिक्रिया दी, किसी भी तरह की चूक को मौका नहीं दिया। जम्मू-कश्मीर के अंदर और बाहर से स्वास्थ्य टीमों को बुलाया गया और सभी ग्रामीणों की कम से कम समय में जांच की गई। उन्होंने उम्मीद जताई कि जांच पूरी होने के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। राजौरी में अब तक 14 की मौतवहीं मुहम्मद असलम भी पूरे मामले को गहरी साजिश से कम नहीं मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि शादी में सैकड़ों लोगों ने दावत की, लेकिन पहले फजल हुसैन और उनके बच्चों की मौत हुई।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## पंडित धीरेंद्र शास्त्री आएंगे राजिम कुंभ में



**राजिम, 19 जनवरी [एजेंसी]।**

कुंभ 2025 में पंडित धीरेंद्र शास्त्री आएंगे। सीएम विष्णु देव साय के निर्देश पर राजिम विधायक रोहित साहू ने बाबा बागेश्वर धाम पहुंचकर पीठाधीश्वर पं. बागेश्वर धाम सरकार को आगामी राजिम कुंभ (कल्प) 12 से 26 फ़रवरी तक, में कथावाचन करने व दरबार लगाने हेतु सहृदय आमंत्रित किया। इस दौरान पं. धीरेन्द्र शास्त्री ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया। इस दौरान बसंत अग्रवाल, राजू साहू मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध राजिम में 12 फरवरी से 26 फरवरी तक कुंभ कल्प का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष यह अद्भुत धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन 52 एकड़ के नए प्रस्तावित मेला स्थल पर संपन्न होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय में शुक्रवार को राजिम कुंभ कल्प की तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

# स्वामित्व योजना से मिलेगी आर्थिक सुरक्षा की गारंटी : प्रधानमंत्री मोदी

## जमीन सम्बंधित विवादों का होगा अंत : उपमुख्यमंत्री अरूण साव





**कोरबा ।** स्वामित्व योजना के तहत आज कोरबा जिले के किसानों और ग्रामीणों को स्वामित्व (प्रॉपर्टी) कार्ड का वितरण प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वामित्व योजना अन्तर्गत कार्यक्रम को भी सभी ने लाइव सुना। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वामित्व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए इसे हितग्राहियों के लिए आर्थिक सुरक्षा की गारंटी बताया। उन्होंने कहा कि गाँव में आबादी भूमि में बिना कानूनी दस्तावेज के रहने वाले ग्रामीणों को उनके जमीन का मालिकाना हक प्रदान करने के लिए स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई है। इससे बैंक में ऋण भी मिल सकता है। कानूनी अधिकार होने से विवाद की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। इस सम्पत्ति से जीवन बदल सकता है। प्रधानमंत्री ने इसे ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने की पहल बताते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, आयुष्मान, पीएम आवास, पीएम सड़क योजना आदि से देश के ग्रामीणों के जीवन में आये बदलाव को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गाँधी कहते थे कि भारत की आत्मा गाँव में बसती है और हमारी सरकार उन्हीं से प्रेरित होकर गाँव के विकास और ग्रामीणों के जीवन में बदलाव के लिए काम कर रही है। उन्होंने स्वामित्व योजना से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों के लोगों को इसका बहुत लाभ मिलने की बात कही।

कोरबा जिले में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री श्री मोदी को लाइव सुना गया। इस दौरान जिले के हितग्राहियों को भी स्वामित्व योजना के कार्ड उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री साव ने वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री बहुत संवेदनशील है। उन्होंने गरीबों की चिंता की है। वे गाँव में रहने वाले ग्रामीणों की समस्याओं को जानते हैं और उन समस्याओं का निराकरण करने के लिए योजना बनाते हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना से जमीन सम्बंधित विवादों का अंत होगा। जमीन को लेकर पड़ोसी, भाई-भाई और अन्य रिश्तेदारों में अक्सर विवाद होता है। इस तरह के विवादों के निराकरण में कई पीढ़ी भी गुजर जाती है। अब आबादी भूमि में रहने वाले परिवारों को एक ऐसा कानूनी दस्तावेज मिल जाएगा, जिसमें जमीन की पूरी जानकारी होगी। इसके साथ ही इस जमीन का ऑनलाइन रिकॉर्ड, नक्शा भी रहेगा। किसी प्रकार की हेर-फेर मुश्किल होगी। ड्रोन के माध्यम से सर्वे कर रिकॉर्ड तैयार कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में जमीन को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि हमारे प्रदेश में राजस्व रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण भी किया गया है। स्वामित्व योजना से कोरबा जिले के 137 गांव के 9 हजार से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इससे विधिवत लोन ले पाएंगे और हितग्राहियों के लिए यह उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम को विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कँवर ने भी संबोधित किया। विधायक ने इसे ग्रामीणों के लिए लाभदायक बताया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने स्वामित्व योजना से भूमि अधिग्रहण, भू अर्जन में भी लाभ मिलने और भूमि संबंधी विवाद दूर होने की बात कही। उन्होंने इसे भारत सरकार का महत्वाकांक्षी योजना बताया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ कोरबा व कटघोरा श्री अरविंद पीएम, श्री कुमार निशांत, निगमायुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री साव सहित अन्य अतिथियों द्वारा स्वामित्व योजना के 125 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख प्रदान किया गया। जिसमें दर्री तहसील के ग्राम पुरैनाखार के हितग्राही श्री मोहित राम, चैतराम, प्रसाद सिंह, अश्वमेर सिंह, हरदीबाजार तहसील के ग्राम सरईसिंगार के लवकुमार, सीताराम, छोटेलाल, रामावतार, बरपाली तहसील के ग्राम दादर कला के लाभार्थी सनत कुमार, सुरित राम, अमोल सिंह, बीर सिंह एवं पाली तहसील के ग्राम नवापारा के हितग्राही ज्ञान सिंह, रामकुमार मरकाम, अमित कुमार व छतराम शामिल है। इस दौरान जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा वर्ग की 02 पात्र युवतियां कुमारी छोटी व कुमारी रजनी को जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। जिले के कुल 107 ग्राम पंचायत के 137 गांवो के लगभग 8854 हितग्राही स्वामित्व योजना से लाभांवित होंगे।

## संयुक्त संचालक महिला व बाल विकास विभाग द्वारा गहनिया में निर्मित्त आंगनबाड़ी भवन व नकटीखार में रेडी टू ईट गोदाम का किया अवलोकन



**कोरबा ।** संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री दिलदार सिंह मरावी द्वारा जिले में पीएमजनमन योजना के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहट ग्राम पंचायत बेला के आंगनबाड़ी भवन गहनिया में नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण का निरीक्षण किया गया। संयुक्त संचालक द्वारा कलेक्टर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने हेतु आवश्यक चर्चा की गई। साथ ही स्थल पर उपस्थित सरपंच एवं सचिव को भी तीन महिने में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार संयुक्त संचालक द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) के अंतर्गत नकटीखार में स्थित रेडी टू ईट गोदाम का भी निरीक्षण किया गया। गोदाम में 4 कमरों में रेडी टू ईट के भंडारण की व्यवस्था की गई है। साफ सफाई एवं भंडारण व्यवस्था का अवलोकन करते हुए उन्होंने रेडी टू ईट के पैकेट की स्थिति का जायजा लिया। संयुक्त संचालक द्वारा उचित मात्रानुसार हितग्राहियों को सही समय पर रेडी टू ईट पैकेट वितरण करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान महिला एवं बाल विकास के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में 24 मार्च तक चलाया जाएगा निक्षय निरामय का 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान

### अभियान की सफलता हेतु निजी नर्सिंग होम संचालकों की बैठक लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**कोरबा ।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिले में विगत 07 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक निक्षय निरामय का 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में टीबी के शंकास्पद मरीजों की खोज, उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन, कुष्ठ शंकास्पद मरीजों की खोज, वयोवृद्ध की हेल्थ प्रोफाईल की सूची बनाने जैसे कार्य किए जाएंगे। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सभा कक्ष में अभियान की सफलता के लिए निजी नर्सिंग होम के संचालकों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक मे सीएमएचओ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे पूरा करने के लिए जिले में 07 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक निक्षय निरामय का 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर सभी लोगों के साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों व लंबे समय से शुगर, कैंसर, लीवर संबंधी रोगों से ग्रसित व्यक्तियों का टीबी स्क्रीनिंग कर डेटा निक्षय निरामय पोर्टल में इंद्राज किया जाएगा। उन्होंने निजी नर्सिंग होम संचालकों का निर्देशित किया कि उनके चिकित्सालय में आने वाले सभी संभावित टीबी के मरीजों तथा अन्य उपरोक्त बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों का नि:शुल्क एक्सरे निकाल कर मरीजों को प्रदान किया जाए तथा संक्रमित मरीजों की समस्त जानकारी संधारित करते हुए प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

## एनटीपीसी को जल प्रबंधन के लिए मिला अवार्ड

**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा गर्वपूर्वक यह घोषणा करता है कि उसके कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन को सीईई नेशनल पावर जेन वॉटर मैनेजमेंट अवॉर्ड 2025 में सस्टेनेबल ऑपरेशनल - पब्लिक सेक्टर श्रेणी में सम्मानित किया गया है। इस संयंत्र को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय जल दक्ष संयंत्र के रूप में भी मान्यता दी गई है, जो जल प्रबंधन में इसकी असाधारण प्रदर्शन और उत्कृष्ट उपलब्धियों को दर्शाता है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार एनटीपीसी कोरबा की सतत और कुशल संसाधन प्रबंधन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन ने ऊर्जा क्षेत्र में अभिनव और पर्यावरण-अनुकूल जल प्रबंधन प्रथाओं के लिए एक मानक स्थापित किया है, जो स्थायी संचालन में एनटीपीसी की नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है।यह सम्मान एनटीपीसी कोरबा की जल संरक्षण की महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने और साथ ही कुशल बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह संगठन के भारत को विश्वसनीय और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ ऊर्जा प्रदान करने के मुख्य मिशन के साथ मेल खाता है। इस अवसर पर,




एनटीपीसी कोरबा के नेतृत्व ने इस मान्यता के लिए सीईई अवार्ड्स कमेटी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर बोलते हुए, श्री मुनेश कुमार विश्वकर्मा, डीजीएम (ईईएमजी) ने कहा, यह पुरस्कार एनटीपीसी परिवार, विशेष रूप से कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन की समर्पित टीम के लिए एक गर्व का क्षण है। यह हमारे प्रयासों को प्रमाणित करता है कि हमने जल प्रबंधन समाधानों के माध्यम से सतत संचालन प्राप्त करने की दिशा में काम किया है। एनटीपीसी पर्यावरणीय संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और देश के विकास को ऊर्जा प्रदान करता रहेगा। नेशनल पावर जेन वॉटर मैनेजमेंट अवार्ड्स हर वर्ष सेंटर फॉर एनवायरनमेंटल एक्सीलेंस (CEE) द्वारा आयोजित किए जाते हैं, ताकि बिजली उत्पादन सुविधाओं द्वारा जल संरक्षण, पुन-उपयोग और दक्षता में असाधारण योगदान को सम्मानित किया जा सके। यह पुरस्कार जीतना एनटीपीसी कोरबा के निरंतर प्रयासों को उजागर करता है कि उसने सतत प्रथाओं को अपनाया और जल संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के लिए भारत के लक्ष्यों का समर्थन किया। कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन, एनटीपीसी की प्रमुख सुविधाओं में से एक है, जिसने ऐसी अत्याधुनिक तकनीकों और सतत प्रथाओं को लागू किया है, जो पानी की खपत को काफी हद तक कम करती हैं और परिचालन दक्षता को बढ़ाती हैं। यह उपलब्धि सार्वजनिक क्षेत्र में सतत ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एनटीपीसी की अग्रणी भूमिका को मजबूत करती है।

## अज्ञात तत्वों ने युवक युवती को किया घायल

**कोरबा ।** जिले में बालको के आगे कॉफी पॉइंट घूमने गए युवक युवती पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया, इतना ही नहीं दोनों को लहूलुहान हालत में छोड़कर आरोपी मौके से फरार हो गए। वहां घूमने गए अन्य लोगों की नजर जब दोनों घायलों पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक युवती बालको से आगे कॉफी पॉइंट घूमने गए थे, जहां दोनों पर अज्ञात लोगों ने प्राण घातक हमला कर दिया। जिसके बाद सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में दोनों को छोड़कर आरोपी मौके से भाग निकले। कुछ समय बाद परिवार के साथ कॉफी पॉइंट घूमने गए लोगों की नजर जब खून से लथपथ युवक युवती पर पड़ी तो वे इसकी सूचना पुलिस को दिए।

सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची जहां गंभीर हालत में युवक युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों का इलाज जारी है। पुलिस दोनों घायलों के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## अपना घर सेवा आश्रम को प्रदान किए गए जरूरी समान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अपना घर सेवा आश्रम में कपड़े, स्वेटर, केबल इत्यादि का वितरण किया गया।कार्यकारी अध्यक्ष काजल सोनी ने बताया कि उनकी संस्था का मूल उद्देश्य मानवता की सेवा करना है । अपना घर सेवा आश्रम में अनेक अनाथ प्रभुजन रह रहे हैं जिन्हें देखभाल की बहुत आवश्यकता होती है । उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए दानदाताओं के सहयोग की बहुत आवश्यकता होती है । चूंकि इन दिनों शहर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है इसलिए उनकी संस्था द्वारा यहां गर्म कपड़ों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यहां स्वेटर कंबल और अन्य कपड़े पाकर प्रभुजनों की खुशी देखते ही बनती थी । इस वितरण कार्यक्रम के दौरान गिरिजा मानिकपुरी, अंजू सोनी और पूनम मानिकपुरी समेत संस्था सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लोको पायलट के हार्न देने पर भी नही हटा युवक, मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दी

**कोरबा।** कोरबा जिले में बरपाली और मड़वारानी रेलवे स्टेशन के बीच एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को जिला मेडिकल कॉलेज के शव कक्ष में रखवा दिया है। युवक की पहचान के आसपास गांवों में मुनादी करवाई जा रही है। जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। जहां मंगलवार की रात 12 करीब बरपाली और मड़वारानी रेलवे स्टेशन के बीच युवक ने मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मालगाड़ी के चालक ने इस घटना की सूचना आरपीएफ पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मालगाड़ी से कटकर युवक के शरीर के कई टुकड़े हो गए थे। युवक शर्ट और पैंट पहने हुए था, उसकी जेब से कोई आईडी या अन्य सामान नहीं मिला है जिससे युवक की पहचान नहीं हो सकी है। शव को जिला मेडिकल कॉलेज के शव कक्ष में रखा गया है। युवक की पहचान के लिए उरगा पुलिस के द्वारा आसपास के गांवों में मुनादी करवाई जा रही है।



## एसईसीएल की वादाखिलाफी को लेकर कार्यालय में लगाया ताला

**कोरबा।** SECL गेवरा मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय में विस्थापित ग्राम भिलाई बाजार, उमेंदीभाठा, मुड़ियानार, सलोरा, पंडरिपानी, नावापारा, रलिया, केसला, बरभाटा के बेरोजगार युवकों द्वारा ठेका श्रमिक रोजगार प्रबंधन को कई बार पत्राचार किया जा चुका है। प्रबंधन द्वारा किसी को रोजगार प्रदान नहीं किया गया वहीं बाहरी लोगो को रोजगार दिया जा रहा है। प्रबंधन के इसी वादाखिलाफ़ी के सम्बन्ध में। सैकड़ो ग्रामीण जिला पंचायत के पूर्व् उपाध्यक्ष अजय जायसवाल के नेतृत्व में आज सुबह 9 बजे से महाप्रबंधक कार्यालय गेवरा के दोनों गेट में तालाबंदी कर प्रदर्शन पर बैठ गए हैं। धरना पर बैठे सैकड़ो ग्रामीणों में प्रबंधन के खिलाफ काफ़ी आक्रोश है। समझौता हेतु प्रबंधन के अधिकारी द्वारा समझाईश दिया गया परन्तु सक्षम अधिकारी नहीं होने की वजह से ग्रामीणों द्वारा बात करने से इनकार कर दिया गया। किसी भी कर्मचारी को अंदर जाने नहीं दिया गया। पहली बार ऐसा हुआ है की एक भी कर्मचारी अंदर नहीं जा सका है।

## बिजली कर्मियों की कार्यशाला में सुरक्षा मानक का हर हाल में ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया ट्रेनर में



कोरबा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के मैदानी स्तर पर कार्यरत बिजली कर्मियों के लिए एक दिवसीय सेफ्टी परेड कार्यशाला का आयोजन कोरबा वृत्त के कटघोरा संभाग कार्यालय में किया गया। इसमें बिलासपुर क्षेत्र के अति. मुख्य अभियंता डी.के.भोजक द्वारा तकनीकी व ठेका कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। श्री भोजक ने बताया कि अधिकतर दुर्घटनाएं छोटी-छोटी लापरवाही से होती हैं।

इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग कर ही बिजली का कार्य करना चाहिए। उन्होने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही से जान जा सकती है। इसलिए बिजली सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांतो को समझकर और पालन करके ही बिजली से जुड़ी दुर्घटना रोकी जा सकती है। उन्होंने मैदानी अमलों को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए विद्युत संबंधी कार्य कराएं। ये बात सभी उपभोक्ताओं को बताएं और स्वयं भी इसकी जांच करें। सुरक्षा पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज रॉड आदि के उपयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं मैदानी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आरसीसी शेड बनेगा जोगियाडेरा मांझी मोहल्ला में

**कोरबा।** नगर पालिका निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 के जोगिया डेरा मांझी मोहल्ले में वार्ड के पूर्व पार्षद नरेंद्र देवांगन ने 6 लाख की लागत से बनने वाले आरसीसी शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि वार्ड का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार का सदस्य है। इस बीते 5 वर्ष में एक परिवार की तरह प्रत्येक मोहल्ले के सभी लोगों से पारिवारिक अपनत्व की भाव के साथ वार्ड को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया गया। हालांकि कांग्रेस की सरकार होने की वजह शुरुआती 4 वर्षों में अपेक्षाकृत कार्य नहीं हो पाए थे, लेकिन भाजपा की विष्णु देव सरकार बनने और आदरणीय लखन लाल देवांगन के कोरबा विधायक और कैबिनेट मंत्री बनने के पश्चात सिर्फ 1 साल की इस अवधि में हर वह कार्य शुरू कराएं गए जिनकी मांग लंबे समय से थी। बहुत सारे विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कुछ प्रगतिरथ है। इस अवसर पर रवि पौरते, रवि जायसवाल, आशीष द्विवेदी, सतपुरा मांझी, कृष्णा, सुरतीन रवि पोतै सतरूपा मांझी सुरोतिन मांझी मांझी समेत मोहल्ले वासी उपस्थित रहे। इसी तरह वार्ड क्रमांक 8 इमलीडुग्गू में पार्षद मद से दो सामुदायिक मंच निर्माण का का भी भूमिपूजन किया गया।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**जांजगीर ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन 18 जनवरी 2025 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जांजगीर में किया गया। इस अवसर पर गणेश राम पटेल द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश जिला न्यायालय जांजगीर ने इस विधिक जागरूकता शिविर में कानूनी जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सरल भाषा में न्याय व नियम तथा विभिन्न कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। विशेषकर 18 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के छात्र - छात्राओं को शिक्षा के दौरान सहपाठियों के बीच रहते हुए क्या सावधानी बरतनी चाहिए व कैसा आचरण करना चाहिए उदाहरण सहित इसके बारे में बताया। अपराध क्या है, बीस वर्ष की सजा व आजीवन कारावास के बारे में कानूनी जानकारी दी। बच्चों के अपराध करने पर उनके माता-पिता से किस प्रकार की पूछताछ हो सकती है इत्यादि के बारे में अवगत कराया प्राचार्य के के चंद्रा ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## कलशयात्रा के साथ शुरू हुआ महोत्सव

**बिर्रा।** माता परमेश्वरी की सात दिवसीय यज्ञ महापुराण का शुभारंभ किया गया। नगर में कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा देवांगन धर्मशाला से सुबह 10 बजे निकली। जिसमें युवतियों व महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर ग्राम भ्रमण किया।

# सरखों में रातों-रात जेसीबी से शासकीय जमीन पर बना रहे खेत

**जांजगीर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत सरखों में अतिक्रमण इस कदर बढ़ता जा रहा है कि रातों रात जेसीबी लगाकर शासकीय भूमि को खोदकर खेत में बदल दिया जा रहा है। एक रात पहले जो शासकीय भूमि भाठा की तरह नजर आ रही होती है वो अगले दिन खेत में तब्दील हो चुकी होती है। विडंबना यह है कि इसकी शिकायत करते-करते खुद गांव के सरपंच और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि थक चुके हैं मगर राजस्व अफसरों ने तो जैसे कसम ही खा ली है कि ग्राम पंचायत सरखों में अतिक्रमण नहीं हटाएंगे। अतिक्रमणकारियों को एक तरह से राजस्व अफसरों ने खुली छूट दे दी है। नतीजा गांव में 75 फीसदी शासकीय भूमि पर कब्जा हो चुका



होगा। चारागाह के लिए बचे भूमि तक अतिक्रमणकारियों से नहीं बच रहे हैं। ग्राम सरखों में 2015-16 में गांव के एकमात्र परसहन भाठा में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया था और उक्त स्थल पर पौधरोपण किया गया था ताकि फिर से कब्जा न कर सके। लेकिन आज हालात यह हो चुका है उक्त स्थल पर इतनी बड़ी तादाद में अतिक्रमण हो चुका है और पौधरोपण का नामोंनिशान तक नहीं बचा है। इसी तरह गांव के जोगी डबरी के बगल 1 एकड़ में करीब अतिक्रमण कर खेत बना लिया गया है तो करबानार बिहारी तालाब के पास करीब पांच एकड़ जमीन पर जेसीबी चलवाकर खेत बना दिया गया है। खेत बनाने का यह सिलसिला तेजी से बढ़ता जा रहा है।

गांव में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की बढ़ती संख्या को देखते हुए ग्राम पंचायत के द्वारा प्रस्ताव तक पारित कर चुका है गांव से अतिक्रमण हटाया जाए। सरपंच लोचन साव ने बताया कि राजस्व विभाग को प्रस्ताव भी सौंपा जा चुका है लेकिन राजस्व विभाग के अफसर सालभर से केवल तारीख पर तारीख देते आ रहे हैं। आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। शुक्रवार को जांजगीर शहर के वार्ड क्रमांक 2 में बेजाकब्जा हटाया गया लेकिन वहां से चंद किमी दूर सरखों तक जाने अधिकारियों को फुर्सत नहीं मिली। इस संबंध में जानकारी लेने नायब तहसीलदार प्रशांत पटेल को दो बार काल किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## राजनीति विज्ञान मेरिट में भानेश्वर को गोल्ड मैडल

**पामगढ़।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में एकादश दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रेमन ढेका, मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति ते प्रो. आलोक चक्रवाल व अन्य अतिथियों ने भानेश्वर डहरिया को राजनीति विज्ञान में मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल (विश्वविद्याय पदक) से सम्मानितकिया। भानेश्वर तीन बार लगातार नेट क्वालीफाई कर अभी वर्तमान में सहायक प्राध्यापक (एडहॉक) के पद पर गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे हैं। इस उपलब्धि के लिए भानेश्वर ने अपने माता पिता व अपने गुरुजनो एवं जीजीवी के अधिष्ठिता समाजिक विज्ञान प्रो. रामकृष्ण प्रधान, प्रो. अनुपमा सक्सेना, डॉ सांत्वना पाण्डेय, व अन्य का आभार व्यक्त किया।

## सीनियर राष्ट्रीय क्लासिक पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में धनंजय चयनित

**अकलतरा।** राष्ट्रीय एस बी डी सीनियर ओपन क्लासिक महिला एवं पुरुष पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता में ग्राम लटिया के युवा पावरलिफ्टर धनंजय यादव का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 फरवरी को पेंटोमानिया लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जलन्धर फगवाड़ा (पंजाब) में आयोजित होगा। धनंजय ने बताया की 59 कि ग्राम वजन वर्ग में वह छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच सोमनाथ, डी एल फिटनेस क्लब व छत्तीसगढ़ पॉवरलिफ्टिंग असोसिएशन के कृष्णा साहू ने धनंजय यादव को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए नगर एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की कामना की है।

## जांजगीर नैला के वार्डों में पांच करोड़ से नाली व सीसी सड़कों का निर्माण शुरू

**जांजगीर-चांपा।** चुनावी साल होने से शहरों में विकास कार्यों में फोकस किया जा रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर में भी शहर के 18 वार्डों में पांच करोड़ से आरसीसी नाली और सीसी सड़कों का निर्माण शुरू हो चुका है। इसके लिए अधोसंरचना मद और 15वें वित्त से करीब 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इतना ही नहीं आचार संहिता को देखते हुए अन्य विकास कार्यों को जल्द से जल्द शुरू कराने वर्कऑर्डर जारी किए जा रहे हैं तो निविदा प्रक्रिया भी हो चुकी है ताकि समय रहते ये काम भी शुरू करा सके। इधर सड़क और नाली की समस्या से जूझ रहे लोगों को इससे कुछ हद तक राहत मिलेगी। गौरतलब है कि जांजगीर- नैला नगरपालिका को 15वें वित्त और अधोसंरचना मद से वार्डों में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि मिली है। ऐसे में नगरपालिका के द्वारा वार्डों में सड़क, नाली निर्माण कराने में विशेष फोकस दिया जा रहा है। जिसमें शहर के 18 वार्डों में करीब 5 करोड़ की लागत से आरसीसी नाली और सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू हो गया है। शहर के वार्ड क्रमांक 8, 12, 20, 23, 3, 6, 7, 8, 9, 12, 13, 14, 16, 19, 21, 24, 25, 11 में आरसीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। इनमें कई वार्डों में काम या तो शुरू हो चुके हैं या वर्कऑर्डर जारी हो चुका है



ताकि आचार संहिता लगने की स्थिति में भी काम न अटके। क्योंकि जो काम शुरू हो चुके हैं या वर्कऑर्डर जारी हो चुका है वे काम आचार संहिता लगने के बाद भी होते रहेंगे। इसलिए नगरपालिका के अधिकारी भी थोक में वार्डों में नाली, सड़क और पानी से संबंधित निर्माण कार्यों को अमलीजामा पहनाने में लगे हैं।

अधोसंरचना मद से नपा क्षेत्र के वाडौं में सड़क, नाली और पेयजल निर्माण से संबंधित करीब 5 करोड़ के निर्माण कार्यों के लिए वर्कऑर्डर जारी किया जा चुका है। कई कार्य भी शुरू हो चुके हैं। विकास कार्यों को मापदंड के अनुसार पूर्ण होंगे ताकि नागारिकों को इसका लाभ मिले।

प्रहलाद पांडे, सीएमओ
जांजगीर नैला

## रेलवे ने किया रास्ता बंद विरोध में हुआ चक्काजाम

**चांपा।** स्थानीय रेल प्रशासन द्वारा स्टेशन के समक्ष एक गली को बंद करने के विरोध में शनिवार को भाजपा नेताओं ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर चक्काजाम कर दिया। 31 स्टेशन के सामने बैठकर करीब ढाई घंटे तक प्रदर्शन किया गया। बाद में रास्ता बंद नहीं करने के आश्वासन पर दोपहर 1 बजे चक्काजाम समाप्त हुआ।

चांपा में रेलवे स्टेशन के सामने त रास्ता कई सालों से बना हुआ है। र स्थानीय रेलवे प्रशासन द्वारा अचानक उस रास्ते को बंद करने नकी जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने रास्ता बंद नहीं करने की मांग की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इस बात की जानकारी भाजपा नेताओं को हुई। भाजपा के नेताओं ने शनिवार 18 जनवरी को सुबह करीब 10-30 बजे रेलवे स्टेशन के सामने पहुंचकर रास्ता बंद करने का विरोध शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों के साथ मिलकर भांजपा नेता सड़क पर बैठ गए और चक्काजाम शुरू कर दिया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एसडीएम और तहसीलदार को मौके पर बुलाए जाने की मांग की गई। भाजपा नेताओं ने गली की ओर जाने वाले रास्ते को बंद करने के निर्णय का जमकर विरोध किया। भाजयुमो अध्यक्ष गिरीश मोदी ने कहा कि रेल प्रशासन द्वारा गली का रास्ता बंद करने की कार्रवाई स्थानीय लोगों के हितों के विरूद्ध है। इस निर्णय को वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शन को देखते हुए रास्ता बंद करने का निर्णय वापस लिया गया। इसके बाद दोपहर 1 बजे चक्काजाम समाप्त हुआ। इधर चक्काजाम के दौरान पुलिस ने वाहनों का रूट चेंज कराकर आवागमन की व्यवस्था बनाई।

## पीठासीन और मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**चांपा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देश पर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के तहत गुरुवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय चांपा में प्रथम चरण में पीठासीन और मतदान अधिकारीयो को प्रशिक्षण दिया गया। नगरपालिका चांपा एवं नगर पंचायत सारागांव के लिए चुनाव में लगे 170 पीठासीन एवं मतदान अधिकारी एक को मास्टर ट्रेनरों द्वारा चुनाव से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान एसडीएम नीरनिधि नन्देहा ने सभी निर्वाचन अधिकारियों को सजगता से प्रशिक्षण लेने को कहा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया एक संवेदनशील प्रक्रिया है इसलिए जो दायित्व दिया गया है उसका अनुसरण करते हुए अपना कार्य तत्परता से करे । बीईओ एमडी दीवान ने कहा कि हर चुनाव अपने आप में अलग अनुभव प्रदान करता है। प्रशिक्षण के दौरान मन में किसी प्रकार की शंका होने पर प्रशिक्षकों से उसका समाधान करा लें। मतदान के दिन मतदान कर्मियों का दायित्व बढ़ जाता है, पीठासीन एवं मतदान अधिकारी पूरे मतदान टीम का लीडर होता है इसलिए प्रशिक्षण से चुनाव की बारीकियों को समझकर सजगता से चुनाव कराएंगे। इस मौके पर तहसीलदार, सीएमओ, सीएमओ सारागांव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** चोरी की मोटर सायकल के साथ आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 10 जनवरी की रात्रि 10.30 बजे मोटर सायकल सी.बी. साइन क्रमांक सीजी-12 ए, जेड. 0326 से पामगढ़ से चंडीपारा गया था। मोटर सायकल को दिग्विजय के घर के सामने खड़ा किया था। कुछ समय बाद वापस आया तो उसकी बाइक मिली। बाइक नहीं मिलने पर उन्होंने इसकी सूचना पामगढ़ थाने में दर्ज कराई। इसी दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि मोनू उर्फ कन्हैया कश्यप निवासी चंडीपारा थाना पामगढ़ का उक्त चोरी गए बाइक से शराब दुकान गया है। सूचना पर उक्त आरोपी को चोरी हुए मोटर सायकल के साथ घेरा बंदी कर पकड़ा गया। गवाहों के उक्त चोरी हुए मोटर सायकल को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी जारी है।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ सड़क पर उतरी महिलाएं

**जांजगीर-चांपा।** डभरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सकराली के वार्ड क्रमांक 8, 9,10 व 11 में खुलेआम शराब बेचने वालों के द्वारा अवैध महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। गांव में अवैध महुआ शराब बिक्री होने से महिलाओं एवं स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवैध शराब बेचने वाले को विरुद्ध कई बार ग्रामीण महिलाओं महिला संगठनों द्वारा उच्च अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी ग्राम सकराली के वार्ड क्रमांक 8, 9,10 व 11 में धड़ल्ले से महुआ शराब बिक्री हो रही है। ग्राम सकराली के महिला संगठनों ने अवैध शराब बेचने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर कलेक्टर

## हरेठीकला में एनएसएस शिविर के जरिए दे रहे जागरूकता का संदेश

**हसौद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत हरेठीकला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 15 जनवरी को शिविर की शुरुआत हुई जो 21 जनवरी तक चलेगा। मेरा भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा, शिविर का थीम है। शिविर शुभारंभ के दिन मुख्य अतिथि हरेठीकला सरपंच राजेश टंडन, पंचगण, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी, स्वयंसेवक और ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और राजकीय गीत से हुई। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। जिसके बाद उन्होंने प्रेरक संदेशों के साथ युवाओं को ग्रामीण विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

## चैतन्य महाविद्यालय कि रासेयो इकाई ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**पामगढ़।** चैतन्य विज्ञान एवं कला महाविद्यालय पामगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ युवाओं के प्रेरणाश्रोत व रासेयो के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूप में प्रो. जीए घनश्याम संयुक्त संचालक नैक तथा एनईपी 2020 उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन नवा रायपुर मौजूद थे। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी संजय बघेल ने आयोजन की रूप रेखा को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को महान



आध्यात्मिक नेता दार्शनिक और विचारक स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया जाता है। जिनका युवाओं की क्षमता में अटूट विश्वास देश के युवा नागरिकों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। मुख्य अतिथि प्रो घनश्याम ने स्वामी विवेकानंद जी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि उनका प्रेरक जीवन और सशक्त संदेश युवाओं से अपने सपनों को संजोने, अपनी ऊर्जा को उजागर करने और उनके कल्पित आदर्शों के अनुरूप भविष्य को आकार देने का आग्रह करता है। समाज के सबसे जीवंत और गतिशील वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाला यह युवा समूह देश का सबसे मूल्यवान मानव संसाधन है। अपनी असीमित क्षमता के साथ युवा भारत को प्रगति और नवाचार की नई ऊंचाइयों पर ले जाने की शक्ति रखते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस इस क्षमता को स्वीकार करने उत्सव

मनाने और दोहन करने का क्षण है। जो युवाओं को देश के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य सा डॉ व्हीके गुप्ता ने कहा कि विवेकानंद के की ओजस्वी वाणी ओजपूर्ण विचारों तव ने सुप्त लोगों को जागृत किया। उनकी प्री युवावस्था देश के हर युवा के लिए शु एक बेहतरीन मिसाल है। यही वजह क है उनके जन्मदिन को देश में राष्ट्रीय म युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता वि है। महाविद्यालय के संचालक वीरेंद्र क तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस युवाओं को विवेकानंद की शिक्षाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन्हें हर साल एक प्रगतिशील राष्ट्र की दिशा में काम करने का आग्रह करती है। यह युवाओं में निडरता, शक्ति, एकता धार्मिक सदभाव आध्यात्मिक विकास करता है।

## चार परीक्षा केंद्रों पर 934 विद्यार्थियों ने दी नवोदय की परीक्षा

**चांपा ।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा नगर के चार परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। इस प्रवेश परीक्षा में 934 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 250 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। बम्हनीडीह बीईओ एमडी दीवान, बीआरसी हीरेन्द्र बेहार एबीईओ रत्ना थवाईत, मंजूलता साहू की उड़नदस्ता टीम ने चारों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी ।

## टीसीएल कॉलेज को मिला नया प्राचार्य, छात्रों ने किया स्वागत

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय टी.सी.एल. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. दूजेराम लहरे ने नए प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभाला। उनके इस पदभार ग्रहण के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के छात्रों एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर एनएसयूआई के चेतन देवांगन, देवेन्द्र गढ़वाल, हर्ष शुक्ला, दूध राम सूर्य, राहुल खरे, देवेश, राहुल साहू, अक्षत तिवारी, आकाश तिवारी, जितेंद्र दिनकर, कमल सिंह मरावी, सुजल राठौर समेत अन्य छात्र मौजूद रहे। छात्रों ने डॉ. लहरे का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के विकास और छात्रों की समस्याओं के समाधान में उनके कुशल नेतृत्व की आशा व्यक्त की। डॉ. लहरे ने छात्रों और महाविद्यालय के सभी सदस्यों को साथ लेकर शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## नौकरी से बेदखल हुए 2897 परिवारों न की चिंता सरकार को नहीं: अरूण तिवारी

**जांजगीर।** भारतीय मजदूर संघ के सहयोगी संगठन राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ ने कहा कि बीएड योग्यता धारी सहायक शिक्षकों को आंदोलन करते हुए आज 21 दिन पूरे हो गए। इसके बावजूद भी मौजूदा सरकार ने उनकी समस्याओं का समाधान न करते हुए मात्र समिति गठन कर अपना पल्ला झाड़ लिया है। इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने आन्दोलन का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा स्पष्ट रूप से डीएड व बीएड व्यावसायिक योग्यता की मांग के अनुसार मेरिट लिस्ट के आधार पर सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। आज 15 माह पश्चात उन्हें सेवा मुक्त करने पर 2897 परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। आर्थिक संकट की स्थिति में संबंधित परिवारों की सुरक्षा दृष्टिगत रखते हुए शासन को शिक्षा विभाग में समायोजित करने का आश्वासन देते हुए प्रदेश में रिक्त 3300 सहायक शिक्षक विज्ञान अथवा प्रदेश में रिक्त 3000 पद से अधिक शिक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रत्याशा में सेवा यथावत रखा जाए।

## 23 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिला

**मालखरौदा।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) के तहत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षा में वंदे मातरम् आदर्श विद्यालय मालखरौदा के 23 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और 3 विद्यार्थी इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में प्रथम स्तर पासकर द्वितीय स्तर परीक्षा के लिए चयनित हुए है। इसमें राज यादव, माही पटेल, कुलदीप साहू, आगामी 9 फरवरी को द्वितीय स्तर परीक्षा में शामिल होंगे और एनएसओ में गोल्ड मेडल हासिल करने वालों में भूमिका साहू, अर्थ देवांगन, यशस्वी सिदार, नैंसी भारती व आईएमओ में माही पटेल, कुलदीप साहू, लावण्या चंद्रा, चहक मुरेंद्र, प्राची राज सिदार, वानी साहू, पवन कुमार चंद्रा, अभिजीत भारती, छाया सोनवानी, पूर्वी खूंटे, भूमिका साहू, लेखा अजगल्ले, साक्षी खूंटे और आईइओ में निधि देवांगन, राज यादव, आयुष गबेल ने गोल्ड मेडल हासिल किया। विजेता प्रतिभागी।



## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: विधिवत मंत्रोच्चार के साथ 120 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**सक्ती।** सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में विगत दिवस नंदेली भाठा मैदान सक्ती में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत कुल 120 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे । छतीसगढ़ शासन के इस महती योजना के तहत सक्ती जिले में एकीकृत बाल विकास परियोजना डभरा, जैजैपुर, मालखरौदा और सक्ती के प्रति परियोजना अंतर्गत 30-30 जोडो का लक्ष्य के अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न किया गया।

सक्ती जिले के नंदेली भाठा मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलित और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया इस अवसर पर विवाहित जोड़ों को सांसद श्रीमती जांगड़े की उपस्थिति में बाजे गाजे के साथ बारात प्रस्थान, विधिवत मंत्रोच्चार के साथ वर-वधु के 7 फेरे, कन्यादान, सिंदूर बंदन, वरमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही सांसद द्वारा योजना अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को 36 हजार रूपए प्रति जोड़े के मान से सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया गया । सांसद, अधिकारियों कर्मचारियों, उपस्थित जनप्रतिधियों व वर-वधु के परिजनों ने नवविवाहित जोड़ो को शुभकामनायें व आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर




चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि आज सक्ती जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 120 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ है, यह सक्ती जिले के लिए बहुत ही हर्ष की बात है । उन्होंने इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ो का गठबंधन करते हुए बारी-बारी से सभी जोड़ो को आशीर्वाद दिया। उन्होंने सभी नव दाम्पत्य जोड़ो को विवाह के गठबंधन की बधाई दी तथा नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करते हुए हसी खुशी सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए शुभकामनाएं दी । सांसद श्रीमती जांगडे ने वर और वधु दोनों को अपने माता-पिता के समान ही अपने सास-ससुर को भी सम्मान देने का आग्रह किया । इस अवसर पर प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी श्रीमती श्याम कंवर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी नव वर-वधुओं सहित उपस्थित सभी को दी गइ। इसके साथ ही इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समस्त नवविवाहित जोड़ों तथा पंडाल में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों व नागरिकों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाया गया द्य इस अवसर पर जनपद पंचायत सक्ती मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रीति पवार, परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल, सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन समिति की सदस्य सुश्री अन्नापूर्ण राठौर, श्रीमती अनीता राज, राम अवतार अग्रवाल, फूलचंद अग्रवाल, पार्षद धनंजय नामदेव, राजू देवांगन, सुरेश जायसवाल, सुश्री खुशबू सिदार सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, नवविवाहित जोड़ों के परिजन, गणमान्य नागरिक व मिडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## शोक समाचार

### सुमित्रा गोस्वामी

**जांजगीर ।** शंकरनगर वार्ड नंबर 18 जांजगीर नगर की प्रतीष्ठित नागरिक सुमित्रा गोस्वामी का 69 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। वे धर्मपुरी गोस्वामी की धर्मग्ली थीं। उनकी अंतिम संस्कार रविवार की सुबह मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। उसके ज्येष्ठपुत्र आशीष पुरी गोस्वामी द्वारा मुखाग्नि दी जाएगी।

### रूपकुंवर यादव

**बलौदा।** गाम हरदी के प्रतिष्ठित नागरिक गोविंदा यादव की माता रूपकुंवर यादव का निधन 15 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित परिजन शामिल हुए।

### विजय गुप्ता

**चांपा।** केशरवानी प्रदेश सभा के पदाधिकारी भवानी गुप्ता, तरुण सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी गुप्ता व व्यवसायी शारदा गुप्ता के पिता केशरवानी समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी विजय गुप्ता का स्वर्गवास शनिवार को हो गया। वे 72 वर्ष के थे।

## अनमोल वचन......

यदि समस्यायें आने पर आप घबरा जाते है तो इससे आपके दिमाग का सन्तुलन बिगड़ जायेगा।

## शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की अंदरूनी मुश्किलों का इज़हार खुल कर हुआ। पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय क्रिकेट टीम हार जाए, यह अनहोनी नहीं है। हालांकि पिछले दो दौरों में टीम वहां विजय पताका लहरा कर लौटी, मगर उसके पहले का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है। वैसे भी हार-जीत खेल का हिस्सा है, इसलिए पराजय पर हाय-तौबा की जरूरत नहीं होती। मगर ऑस्ट्रेलिया के खत्म हुए ताजा दौरे में बात सिर्फ यह नहीं है कि भारत ने 1-3 से सीरीज गंवा दी। बात टीम की अंदरूनी मुश्किलों की है, जिसका इज़हार खुल कर हुआ। पहले तो शृंखला के बीच में ही रविचंद्रन अश्विन रिटायरमेंट का एलान कर भारत लौट गए। उनके और उनके परिजनों से बयानों से साफ है कि अश्विन टीम में खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस कर रहे थे। अश्विन का रिकॉर्ड मैच विनर का रहा। पूरे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वे चंद गेंदबाजों में हैं, जिन्होंने 500 से ज्यादा विकेट लिए। भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले वे दूसरे खिलाड़ी रहे। ऐसे खिलाड़ी की बे-आबरू विदाई टीम प्रबंधन पर कलंक छोड़ गई। मगर बात वहीं तक नहीं रुकी। अंतिम टेस्ट मैच आते-आते तो हालात ऐसे बने कि कोच गौतम गंभीर ने कप्तान रोहित शर्मा को ही खेलने वाले 11 खिलाड़ियों से बाहर करने का अभूतपूर्व फैसला ले लिया। इसके बावजूद सिडनी टेस्ट में भारत की बुरी हार हुई। उसके साथ ही टीम के टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की बची-खुची उम्मीदें भी धूल में मिल गईं।

अब हाल यह है कि टीम में रोहित के साथ-साथ विराट कोहली का भविष्य भी अनिश्चित हो गया है। मुश्किल यह है कि टेस्ट क्रिकेट का धीरज रखने वाले खिलाड़ी सामने नहीं आ रहे हैं। जो आते हैं, वे टीम प्रबंधन की गलत नीतियों का शिकार हो जाते हैं। यशस्वी जायसवाल को छोड़ कर एक भी नया खिलाड़ी नहीं है, जिससे लंबे भविष्य की उम्मीद जोड़ी जा सके। सरफराज में संभावनाएं हैं, मगर उनको मौका नहीं दिया गया। तो पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता टीम की दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर यह शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डीनर करने का प्रोग्राम बनाएंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आएगी।

**वृष राशि :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में भी आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा। आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिलाएगा। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको सुबह के समय टहलना चाहिए,, साथ ही नकारात्मक चीज़ों से आपको बचे रहना चाहिए।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय में चर्चा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाया है । वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी। खनिज पदार्थ के व्यापारियों को अच्छा लाभ होगा। डीप्रेशन की समस्या से आपको आराम मिलेगा।

**तुला राशि :** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ संबंधों में मजबूती आएगी। आज आपको पैतृक संपत्ति मिल सकती है। पुराने रोगों से आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा आपका ज्ञान बढ़ेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हर संभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनाएंगे। आज आप अपनी डेली रूटीन में बुक पढ़ने की हैबिट डाल सकते है। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है।

**धनु राशि :** आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**मकर राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**मीन राशि :** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इज़ाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आएंगे।

# महिलाओं की सहभागिता और योगदान

**- मो. नजीब अहसन -**

21वीं सदी का यह दौर मानवता के इतिहास में एक ऐसा समय है, जब दुनिया भर में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन तेजी से हो रहे हैं। ऐसे में जब भी बात महिलाओं के अधिकारों और उनके सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक सशक्तिकरण की होती है, तो यह एक ऐसे संघर्ष की कहानी बयां करता है, जो सदियों से चली आ रही है। विश्व के कई देशों में आज भी महिलाएं समानता, स्वतंत्रता और अपने मौलिक अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। अलबत्ता इस वैश्विकी संघर्ष के बीच भारत ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई इबारतें लिखी हैं और अनोखी पहचान बनाई है। इस लिहाज से भारत की चर्चा का खास महत्त्व है। महिलाओं की सहभागिता और योगदान ने यहां के पारंपरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने को मजबूती दी है।

मौजूदा संदर्भ में बात करें तो भारत का परिदृश्य बदल चुका है। यह बदलाव केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं, बल्कि समाज और देश की प्रगति के लिए एक नये युग की शुरु आत का संकेत है। भारत में महिला सशक्तिकरण की कहानी केवल संघर्ष और चुनौतियों तक सीमित नहीं है। यह वह समय है, जब भारतीय महिलाएं परंपरा और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए अपनी पहचान को नये सिरे से गढ़ रही हैं। इस दौर में जब वैश्विकी मंच पर महिला सशक्तिकरण की बातें हो रही हैं, भारत ने न केवल अपनी महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया है, बल्कि यह दिखाया है कि बदलाव संभव है।



एक ऐसा ही उदाहरण है, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) का ऑल-विमेन राफ्टिंग अभियान, जो एक प्रेरणादायक बदलाव का प्रतीक बनकर उभरा है। यह ऐतिहासिक पहल पुरुषों के वर्चस्व वाले क्षेत्र में महिलाओं की साहसिक दस्तक है, जो न केवल परंपराओं को चुनौती देती है, बल्कि नये आयाम भी गढ़ती है। उत्तराखंड के गंगोत्री से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर तक 2,500 किलोमीटर की यात्रा न केवल साहसिक है, बल्कि प्रेरणादायक भी। यह अभियान उन्हें साहस, सामूहिकता और नेतृत्व की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ गंगा के प्रवाह को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में उसकी पवित्रता और महत्ता की लौ जलाना भी है। गंगा, जो भारतीय जनमानस के लिए मात्र एक जलधारा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता का भी प्रतीक है। पर बीते दशकों में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण के कारण यह जीवनरेखा काफी चुनौतियों का सामना कर रही है। गंगा के किनारे रहने वाले हर नागरिक को यह समझने की आवश्यकता है कि उनकी छोटी-छोटी आदतें, जैसे प्लास्टिक का उपयोग बंद करना, गंगा के तटों की सफाई बनाए रखना और जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, गंगा के संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकती हैं। गंगा और उसकी सहायक नदियों के कायाकल्प के इस संकल्प में महिलाओं की भागीदारी समाज को यह संदेश देती है कि नदी संरक्षण सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक पवित्र आंदोलन है। गंगा का संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों पर निर्भर नहीं हो सकता। यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें समाज के हर वर्ग को अपनी भूमिका निभानी होगी। इस अभियान के दौरान महिलाओं ने गंगा के किनारे बसे समुदायों के साथ बातचीत की और उन्हें जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। वेटलैंड्स का दौरा, घाटों पर संवाद, और जल संरक्षण पर आधारित क्विज़ जैसे कार्यक्रमों ने गंगा संरक्षण की दिशा में सामूहिक चेतना को बढ़ावा दिया। अभियान इस बात को भी रेखांकित करता है कि गंगा का संरक्षण केवल पर्यावरणीय सुधार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है। जब हम गंगा को साफ रखने की बात करते हैं, तो इसका अर्थ केवल प्रदूषण को रोकना नहीं, बल्कि समग्र पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना भी है। यह अभियान इस दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। इस अभियान ने महिलाओं को एक नई पहचान दी है। इसके माध्यम से यह संदेश स्पष्ट है कि महिलाएं समाज में किसी भी भूमिका को निभाने में सक्षम हैं, चाहे वह नेतृत्व हो, संरक्षण हो या समाज में बदलाव लाने की जिम्मेदारी। महिला सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है; यह समाज की प्रगति और स्थिरता का आधार भी है। अपनी रोमांचक यात्रा के दौरान, राफ्टिंग दल ने पांच राज्यों के विभिन्न जिलों में स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर नदियों के किनारों को संवारने का संकल्प लिया। इस अभियान ने स्वच्छता का ऐसा महोत्सव रचा, जिसमें हर आयु और वर्ग के लोग प्रेरणा और उत्साह से भर उठे। यह यात्रा सिर्फ रोमांच और चुनौतियों से भरा एक अनुभव नहीं थी, बल्कि नदियों के प्रति सम्मान और समुदायों के बीच एकता की एक नई धारा प्रवाहित करने का प्रयास है।

# जारवा लोगों को मत का अधिकार मिला

**- प्रमोद भार्गव -**

आदिम जनजाति जारवा अंडमान-द्वीप समूह की एक प्रमुख जनजाति है। ये आज भी अर्ध-खानाबदोश आदिम जीवन-शैली जी रहे हैं। प्राकृतिक रूप में उपलब्ध वन-संसाधन ही इनके आजीविका के प्रमुख साधन हैं। स्थानीय प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े रहकर ये अपनी जीवन-शैली में मस्त हैं। जारवा लोग बाहरी संपर्क से अलग-थलग हैं। इसी कारण उनकी अनूठी सांस्कृतिक परंपरा और भाशा-बोली संरक्षित हैं। वे दक्षिणी और मध्य अंडमान द्वीप समूह के पश्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। स्थानीय प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद अब इस जनजाति समूह को संवैधानिक लोकतांत्रिक धारा से जोड़े जाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।

इस समुदाय के 19 सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करके, उन्हें मतदाता पहचान-पत्र दिए गए हैं। अंडमान द्वीप समूह के मुख्य सचिव चंद्रभूषण कुमार ने दक्षिण अंडमान जिले के जिरकाटांग स्थित बस्ती में पहुंचकर पहली बार मतदाता बने लोगों को पहचान-पत्र सौंपे। जारवा समुदाय की इन पहचान-पत्रों से भारतीय होने की नागरिकता सुनिश्चित हुई है। साथ ही यह उनकी निजता की रक्षा के लिए एक व्यापक उपाय भी है। इस कार्यवाही से उम्मीद जगी है कि भविष्य में इस द्वीप समूह के सभी लोग भारतीय नागरिक के रूप में मतदाता बना दिए जाएंगे। वरना एक समय इस द्वीप समूह में प्रवेश पाना मौत को आमंतण्रदेना था।



इस कार्यवाही को पूरी करने में अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिसने सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और सम्मानजनक तरीके से उनकी भाषा में चुनावी प्रक्रिया के बारे में जारवा समुदाय से संवाद करके उनके बीच जागरूकता पैदा करके इस प्रक्रिया को सुगम बनाया। जारवा समुदाय अंडमान द्वीप समूह के दक्षिण और मध्य तथा पष्चिमी समुद्री तटों पर रहते हैं। यह पूरा क्षेत्र जैव विविधता से समृद्ध है। इसे ही इस समुदाय ने अपने पारंपरिक जीवनशैली के अनुरूप ढाल लिया है। जारवा समुदाय के साथ पहला उल्लेखनीय दोस्ताना संबंध अप्रैल 1996 में हुआ था, जो बाहरी दुनिया के साथ उनके संपर्क में एक अहम मोड़ साबित हुआ।

इस संबंध के लिए शायद प्रकृति ने ही घटनाक्रम रचा था। दरअसल, जारवा जनजाति के 21 वर्षीय एनमेई को अपने बाएं टखने में गहरी चोट आई थी। प्रशासन ने करु णा का परिचय देते हुए एनमेई का उदारतापूर्वक उपचार कराया और ठीक होने के बाद उन्हें सुरक्षित बस्ती में वापस भेज दिया। यहां से प्रशासन और समुदाय के बीच विश्वास का जो संवाद बना, उसने आज इस समुदाय के लोगों के भारतीय नागरिक होने के पहचान के रूप में मतदाता पहचान-पत्र सौंपने का मार्ग प्रशस्त किया। अन्यथा जारवा समूह से जो भी कोई संपर्क करने की सोचता था, उसे हिंसक टकराव का सामना करना पड़ता रहा है। दरअसल, जो लोग स्वयं को सभ्य और आधुनिक समाज का हिस्सा मानते रहे हैं, वही लोग प्राकृतिक अवस्था में रह इन लोगों को इंसान मानने की बजाय लगभग जंगली जानवर ही मानते रहे हैं। आधुनिक कहे जाने वाले समाज की यह एक ऐसी विडंबना है, जो सभ्यता के दायरे में कतई नहीं आती।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में रह रहे लुप्तप्राय जारवा प्रजाति की महिलाओं को स्वादिष्ट भोजन का लालच देकर सैलानियों के सामने नचाने के कुछ साल पहले वीडियो-दृश्य ब्रिटिश अखबारों में सिलसिलेवार छपे थे। इन्हें शासन-प्रशासन के स्तर पर झुठलाने कवायद की गई थी, परंतु यह ठोस हकीकत थी। अभयारण्य में दुर्लभ वन्य जीवों को देखने की मंशा की तरह, दुर्लभ मानव प्रजातियों को भी देखने की इच्छा नव-धनाढ्यों और रसूखदारों में पनप रही है, और जिस सरकारी तंत्र को आदिवासियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, वही इन्हें लालच देकर नचवाने का काम कर रहा था। इसी कुत्सित मानसिकता के चलते कुछ लोग जारवाओं को इंसानों की बजाए, मनोरंजक खिलौने भी मानते रहे हैं। आधुनिक विकास और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए वन कानून में लगातार हो रहे बदलावों के चलते अंडमान में ही नहीं देश भर की जनजातियों की संख्या लगातार घट रही हैं। आहार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों की कमी होती जा रही है। इन्हीं वजहों के चलते अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग दुर्गम टापुओं पर जंगलों में समूह बनाकर रहने वाली जनजातियों का अन्य समुदायों और प्रशासन से बहुत सीमित संपर्क है। यही वजह है कि इनकी संख्या घटकर महज 381 रह गई है।

एक अन्य टापू पर रहने वाले ग्रेट अंडमानी जनजाति के लोगों की आबादी केवल 97 के करीब है। इन लोगों में प्रतिरोधात्मक क्षमता इतनी कम होती है कि ये एक बार बीमार हुए तो इनका बचना नामुमकिन हो जाता है। हालांकि अब इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने के लिए टीकाकरण करने और पौष्टिक खुराक देने के उपाय निरंतर किए जा रहे हैं। मतदान का अधिकार मिल जाने से तय है, यहां लोकतांत्रिक गतिविधियां भी कालांतर में बढ़ेंगी। करीब दो दशक पहले तक ये लोग पूरी तरह निर्वस्त्र रहते थे, लेकिन सरकारी कोशिशों और इनकी बोली के जानकार दुभाषियों के माध्यम से समझाइश देने पर इन्होंने थोड़े-बहुत कपड़े पहनने अथवा पत्ते लपेटने शुरू कर दिए हैं।

भारत की सांस्कृतिक विविधता अनूठी खूबसूरती है। यहां विभिन्न आदिवासी समुदायों को अपने पुरातन व सनातन परिवेश में रहने की स्वतंत्रता हासिल है। हमारे देश के सांस्कृतिक परिवेश में नग्नता कभी फूहड़ अश्लीलता का पर्याय नहीं रही। पाश्चात्य मूल्यों और भौतिकवादी आधुनिकता ने ही प्राकृतिक व स्वाभाविक नग्नता को दमित काम-वासना की पृष्ठभूमि में रेखांकित किया है। वरना हमारे यहां तो खजुराहो, कोणार्क और कामसूत्र जैसे नितांत व मौलिक रचनाधर्मिता से स्पष्ट होता है कि एक राष्ट्र के सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में हम कितनी व्यापक मानसिक दृष्टि से परिपक्क लोग थे। अब लोगों को जो मत का अधिकार मिला है, उसके तहत ये अन्य समुदायों में विलय होंगे और इनका आवागमन भी बढ़ेगा। इनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बढ़ेगी।

## तस्वीरों की दुनिया



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय में एक कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया.



सिंगापुर गणराज्य के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने ओडिशा के कोणार्क स्थित सूर्य मंदिर का दौरा किया.




पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को माला पहनाई गई।



आगामी गणतंत्र दिवस परेड 2025 के लिए नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर रिहर्सल के दौरान भारतीय सैन्य वाहनों का प्रदर्शन.



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत में रोड शो में हिस्सा लिया.



प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान अक्षयवट मंदिर के बाहर भक्तों की कतार.

# सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार, मुंबई पुलिस ने ठाणे से पकड़ा

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के आरोप में बांद्रा पुलिस ने रविवार को आरोपी हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। हमलावर की उम्र करीब 24 साल की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी का नाम मोहम्मद आलियान उर्फ बीजे है और मोहम्मद आलियान ने ही 16 जनवरी को सैफ के घर में घुसकर उन पर हमला किया था।मुंबई पुलिस ने अपने बयान में कहा कि सैफ अली खान पर हमला मामले में आरोपी को ठाणे से गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, हमलावर वर्ली में रहता था और तटरक्षक बल के पास स्थित एक पब में काम करता था। कथित तौर पर उसने वहां चोरी की, इसलिए मालिक ने उसे नौकरी से निकाल दिया।मुंबई पुलिस ने सैफ अली खान के हमलावर को ठाणे के कसार वडावली में एक रेस्तरां के पास से गिरफ्तार किया। डीसीपी, ज्वाइंट सीपी और सीपी समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। ऑपरेशन में 100 से अधिक अधिकारी शामिल थे। आगे की जांच के लिए आरोपी को मुंबई लाया जाएगा, पहचान और सत्यापन प्रक्रिया लंबित रहेगी।अभिनेता सैफ पर 16 जनवरी की रात को हमला किया गया था और उन्हें चाकू से छह घावों के साथ लीलावती अस्पताल ले



जाया गया था। डॉक्टरों ने उनका ऑपरेशन किया और सर्जरी के बाद उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्हें आईसीयू से जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया।बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर गुरुवार की रात 2 बजे संदिग्ध आरोपी ने हमला किया। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी चोरी के इरादे से घर में घुसा था। सैफ की मेड ने पुलिस को बताया कि हमलावर ने 1 करोड़ रुपये मांगे थे। इस मामले में राहत की बात यह है कि एक्टर खतरे से बाहर हैं।सैफ अली खान पर हुए हमले ने सभी को हैरान कर दिया है। पुलिस के हाथ सीसीटीवी फुटेज लगी है, जिसमें संदिग्ध को बिल्डिंग से भागते हुए देखा जा सकता है। सैफ अली खान पर हुए हमले से राखी सावंत हैरान हो नजर आईं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, सैफ करोड़पति होने के बाद भी आपके घर में कैमरे नहीं हैं। आपको मेरी करीना की सुरक्षा के लिए घर में कैमरे लगवाने चाहिए। आप असल जिंदगी है हीरो जरूर हैं। मुझे पहले लगता था कि केवल अक्षय कुमार ही एक्शन में एक्सपर्ट हैं, लेकिन आप भी किसी से कम नहीं हैं।

## पीएम मोदी का 2025 तक टीबी खत्म करने का लक्ष्य


**अहमदाबाद।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के छह करोड़ नागरिक आ चुके हैं। यह बीमा कार्यक्रम अब भारत की 45 प्रतिशत आबादी को कवर करता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल अक्टूबर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी थी।नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में हमने आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के छह करोड़ लोगों को जोड़ा है। अब 62 करोड़ से अधिक लोग या देश की 45 प्रतिशत से अधिक आबादी स्वास्थ्य बीमा में नहीं बल्कि पांच लाख रुपये की वार्षिक कवरेज वाली स्वास्थ्य आश्वासन योजना के तहत कवर की गई है।

## कोर्ट की सुनवाई में शामिल हुए दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून, जांचकर्ताओं ने हिरासत अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया



**सियोल।** महाभियोग का सामना करने वाले दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल शनिवार को अदालत की सुनवाई में शामिल हुए। वह हिरासत अवधि बढ़ाने की जांचकर्ताओं के अनुरोध के खिलाफ अपना पक्ष रखने के लिए उपस्थित हुए थे। शुक्रवार को यून की हिरासत को 20 दिनों तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया। कोर्ट का आदेश रविवार को आ सकता है।यून मार्शल ला की घोषणा से संबंधित आपराधिक जांच मामले में गिरफ्तार होने वाले देश के पहले मौजूदा राष्ट्रपति हैं। यून के वकीलों ने कहा कि पांच घंटे की बंद कमरे में सुनवाई के दौरान उन्होंने न्यायाधीश से लगभग 40 मिनट तक बात की।कानूनी टीम और भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियों ने इस बारे में विरोधी तर्क प्रस्तुत किए कि क्या उन्हें हिरासत में रखा जाना चाहिए। वकीलों ने उनकी विशिष्ट टिप्पणियां साझा नहीं कीं। यून के काफिले को शनिवार शाम अदालत से डिटेंशन सेंटर के लिए निकलते देखा गया।इस बीच, राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के दो वरिष्ठ अधिकारी पूछताछ के पुलिस के सामने उपस्थित हुए। उनपर यून को हिरासत में लेने के दौरान रोकने के प्रयास का आरोप है। पीएसएस के कार्यवाहक प्रमुख किम सेओंग-हून और एजेंसी के अंगरक्षक प्रभाग के प्रमुख ली क्वांग-वू सियोल में राष्ट्रीय जांच कार्यालय के मुख्यालय पहुंचे। ली को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। ली ने कहा कि उनके कार्य वैध सुरक्षा कर्तव्यों का हिस्सा थे।

## स्पेन में हुआ बड़ा हादसा, रिसॉर्ट में स्की लिफ्ट गिरने से 30 लोग घायल, मची अफरातफरी



**मैड्रिड।** स्पेन के एक रिसॉर्ट में स्की लिफ्ट गिरने से दर्जनों लोग घायल हो गए। आपातकालीन अधिकारियों ने सीएनएन को बताया कि इस हादसे में नौ लोग बहुत गंभीर रूप से घायल हो गए और आठ गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। दोपहर करीब 12 बजे हुई इस घटना में करीब 30 लोग घायल हो गए।सरकारी टीवी चैनल टीवीई के अनुसार, ह्युस्का प्रांत में एस्टुएन के स्की रिसॉर्ट में लगभग 80 लोग फंसे हुए हैं थे और चेयरलिफ्ट में लटके हुए थे। स्पैनिश सार्वजनिक प्रसारक आरटीवीई ने बताया कि स्की लिफ्ट की एक पुली ढीली हो जाने के बाद लिफ्ट का एक हिस्सा ढह गया।आरटीवीई ने कहा कि जैसे ही यह गिरी, स्की लिफ्ट की कुर्सियां अस्थिर हो गईं, जिससे उनमें से कुछ उलट गईं। सिविल गार्ड द्वारा पोस्ट किए गए घटनास्थल के वीडियो में दर्जनों लोग एक पहाड़ पर बर्फ में खड़े दिखाई दे रहे हैं, जो स्की लिफ्ट टूटने के बाद वहीं फंस गए हैं।घायलों में से दस लोगों को अस्पताल ले जाया गया, वहीं जिसकी हालात गंभीर है उनको ज्यादा प्राथमिकता दी गई है। हालांकि अभी तक किसी के जान जाने की कोई सूचना नहीं है। स्पैनिश सिविल गार्ड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्की लिफ्ट 15 मीटर (49 फीट से अधिक) ऊंची है।

# 19 हजार संदिग्ध बांग्लादेशियों की सूची तैयार, 15 जिलों में पुलिस ने की गहन जांच, अब होगी बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सभी 15 जिलों की झुग्गियों व अन्य जगहों पर वर्षों से अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करने का सिलसिला तेजी से जारी है। पिछले डेढ़ माह में दिल्ली पुलिस 19 हजार से अधिक संदिग्धों की सूची तैयार कर चुकी है जिनसे पूछताछ कर उनके दस्तावेज की जांच की जा रही है।इनमें 780 संदिग्धों के बारे में पुलिस को पूरा शक है कि वे बांग्लादेशी हो सकते हैं। उनके पास बंगाल, असम, बिहार, झारखंड, दिल्ली, यूपी व हरियाणा के आधार व वोटर कार्ड मिले हैं। इनमें कुछ के पास नए व कुछ के पास वर्षों पुराने कार्ड पाए गए। इन संदिग्धों के आधार कार्ड के बारे में दिल्ली पुलिस ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण से जानकारी मांगी हैं।प्राधिकरण से यह बताने को कहा गया है कि आधार कार्ड बनवाने के लिए उन्होंने क्या दस्तावेज जमा किए थे। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा भी संबंधित लोगों को जवाब तलब किया जा रहा है। जवाब से संतुष्ट न होने पर उनके आधार कार्ड को रद कर पुलिस को जानकारी दे दी जाएगी।दिल्ली पुलिस मुख्यालय सूत्रों के मुताबिक अब तक 100 बांग्लादेशी घुसपैठिये को वापस बांग्लादेश भेज दिए गए हैं। उनके बारे में सूची तैयार कर विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को भेज दी गई है। सबसे अधिक बांग्लादेशी दक्षिण, दक्षिण-पूर्वी व दक्षिण-पश्चिम जिले में पकड़े गए हैं।इन तीन जिले




में बड़ी संख्या में झुग्गी बस्ती हैं जिनमें लाखों की संख्या में बांग्लादेशी रहते हैं। इनमें अधिकतर भारतीय दस्तावेज बनवा रखे हैं। पुलिस अधिकारी का कहना है कि पहले जनवरी तक ही बांग्लादेशी नागरिकों की धर पकड़ कर उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की बात थी लेकिन अब चुनाव के बाद भी निरंतर यह सिलसिला जारी रहेगा।दक्षिण जिला पुलिस ने हाल ही में दो ऐसे गिरोह का भी भंडाफोड़ किया है जो बांग्लादेशी नागरिकों के आधार कार्ड बनवा रहे थे। गिरोह के तार बांग्लादेशी एजेंटों से भी जुड़े थे जो बांग्लादेशी नागरिकों को सीमा पार कराने, ट्रांसपोर्टेशन के लिए तत्काल फर्जी भारतीय पहचान पत्र मुहैया कराने, दिल्ली लाने व यहां उन्हें जगह मुहैया करवाने के बाद उनके असली आधार कार्ड बनवा रहे थे।

## बिहार के कई शहरों में बिल्डरों को बेच दी गई वक्फ की जमीन, सामने आई सच्चाई तो उड़ी सबकी नींद!

**पटना।** बिहार के विभिन्न शहरों में सैकड़ों करोड़ रुपये की वक्फ की जमीन बिल्डरों से बेचे जाने की ओर शनिवार को अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने संसद की वक्फ जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) का ध्यान आकृष्ट किया।वक्फ बोर्ड संशोधन बिल-2024 को लेकर गठित जेपीसी की शनिवार को विभिन्न समाज की राय जानने पटना पहुंची थी। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के साथ ही समिति के सदस्य डॉ. संजय जायसवाल, दिलेश्वर कामैत, डॉ मो. जावेद, अरुण भारती, असदुद्दीन ओवैसी समेत अन्य सदस्य एवं अधिकारी बैठक में सम्मिलित हुए।इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पटना और मुजफ्फरपुर समेत कई प्रमुख शहरों में वक्फ बोर्ड की सैकड़ों करोड़ रुपये की जमीन धड़ल्ले से बिल्डरों से बेचे जाने की ओर समिति का ध्यान आकृष्ट किया।बिहार में वक्फ बोर्ड के दुरुपयोग को लेकर जेपीसी समिति भी चिंता जताई।

# आरजी कर कांडः इसमें एक आईपीएस भी शामिल, जज से दोषी संजय रॉय बोला- मैं निर्दोष हूं, मुझे फंसाया जा रहा



**कोलकाता।** कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दरिंदगी मामले में सियालदह कोर्ट ने शनिवार को सिविक वालंटियर संजय राय को दोषी करार दिया। अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश अनिर्बाण दास सोमवार दोपहर साढ़े 12 बजे फैसला सुनाएंगे। फैसले की कॉपी 160 पन्नों की बताई जा रही है।संजय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (दुष्कर्म), 66 (दुष्कर्म के बाद मौत) व 103 (1) (हत्या) के तहत दोषी ठहराया गया है। मामले में एकमात्र मुख्य आरोपित रहे संजय को वारदात के 162 दिनों व सियालदह कोर्ट में 59 दिनों तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद दोषी करार दिया गया है।संजय रॉय को शनिवार को बेहद कड़ी सुरक्षा में अदालत में पेश किया गया।

मृतका के माता-पिता भी वहां मौजूद थे। एएनआई के मुताबिक सुनवाई के दौरान संजय ने खुद को निर्दोष बताया। संजय ने न्यायाधीश से कहा, मुझे झूठा फंसाया गया है। मैंने ऐसा नहीं किया है। जिन्होंने ऐसा किया है, उन्हें छोड़ा जा रहा है। इसमें एक आईपीएस शामिल है।उसने आगे कहा, मैं हमेशा अपने गले में रुद्राक्ष की माला पहनता हूं। अगर मैंने अपराध किया होता तो मेरी माला मौके पर ही टूट जाती। मैं यह अपराध नहीं कर सकता।÷इस पर न्यायाधीश ने कहा, सीबीआई की ओर से पेश किए सुबूतों व गवाहों के बयान के आधार पर आपका अपराध साबित होता है। आपने जो अपराध किया है, उसके लिए आपको मृत्युदंड अथवा आजीवन कारावास मिल सकता है। न्यायाधीश ने आगे कहा-सजा सुनाने से पहले आपको एक बार फिर बोलने का मौका दिया जाएगा।संजय को दोषी करार दिए जाने पर अदालत कक्ष में मौजूद मृतका के पिता रो पड़े। अदालती कार्यवाही पूरी होने के बाद उन्होंने न्यायाधीश को धन्यवाद देते हुए कहा, मैंने आप पर जो विश्वास रखा था, आपने उसकी मर्यादा रखी। इस पर न्यायाधीश ने उनसे कहा, सोमवार को मैं आपकी बात भी सुनूंगा। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मृतका के पिता ने कहा- मैं अभी भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं हूं। बहुत से सवालों के अब तक जवाब नहीं मिले हैं।पिछले साल 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हाल से महिला डॉक्टर का शव बरामद मिला था। घटना के अगले दिन संजय को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में 51 लोगों के बयान दर्ज किए गए थे।

## अतुल सुभाष की आखिरी निशानी को अपने पास रखना चाहती हैं मां, नाबालिग बेटे की कस्टडी को लेकर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** पत्नी के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाकर आत्महत्या करने वाले बेंगलुरु के इंजीनियर अतुल सुभाष की मां की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। अतुल सुभाष की मां ने अपने पौत्र की कस्टडी की मांग करते हुए याचिका दायर की है।जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ अंजू देवी की याचिका पर सुनवाई कर सकती है, जिन्होंने अपने चार वर्षीय पौत्र की कस्टडी की मांग करते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है।गौरतलब है कि पिछले साल नौ दिसंबर को बेंगलुरु के मुन्नेकोलालु में अतुल सुभाष अपने घर में फांसी पर लटके मिले थे। सुभाष ने अपने सुसाइड नोट में पत्नी और ससुराल वालों को यह कदम उठाने के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया था।पिछली सुनवाई के दौरान, सुभाष की अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया की ओर से पेश वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि बच्चा हरियाणा के एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ रहा है।

# बच्चों से मिलना चाहता है सीमा हैदर के पूर्व पति, भारत सरकार से मांगी मदद



**कराची।** सीमा हैदर के पूर्व पति गुलाम हैदर ने भारत सरकार से अपील की है कि वह उसे अपने बच्चों से मिलने और हिरासत हासिल करने में मदद करे। सीमा मई 2023 में बच्चों को लेकर नेपाल के रास्ते भारत आई थी। वह जुलाई में तब सुर्खियों में आई जब भारतीय अधिकारियों ने उसे ग्रेटर नोएडा में 27 वर्षीय भारतीय नागरिक सचिन मीना के साथ रहते हुए पाया। वह दावा करती है कि उसने शादी कर ली है।गुलाम हैदर ने हाल ही में एक वीडियो संदेश में विदेश मंत्री एस जयशंकर से न्याय की अपील की है। दावा किया है कि पाकिस्तानी वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता अंसार बर्नी की मदद से 2023 के अंत से अपने बच्चों की कस्टडी हासिल करने की कोशिश कर रहा है।बर्नी ने कहा कि भारतीय वकील अली मोमिन को नियुक्त किया है और भारतीय अदालतों में कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए पावर आफ अटार्नी भेज दी है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि मामला शुरू किया गया है या नहीं। हैदर ने कहा कि 2023 से अपने बच्चों को नहीं देखा है।सीमा हैदर और सचिन ने दिसंबर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में सीमा के प्रेगनेंट होने की जानकारी दी गई। इसके बाद उनके द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो पर लोग बधाई दे रहे हैं। हैदर ने कहा कि 2023 से अपने बच्चों को नहीं देखा है।मोबाइल में ऑनलाइन गेम खेलते समय दोनों को आपस में प्यार हो गया था। वायरल वीडियो में सीमा को अपना बेबी बंप दिखाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में सीमा सचिन को एक सकारात्मक प्रेग्नेंसी टेस्ट दिखाती है, जो बहुत खुश हो जाता है। वह उसे गले लगाता है और फिर टेस्ट किट को अपने सीने से लगा लेता है। बाद में, सीमा बताती है कि वह सात महीने की गर्भवती है।उसने हिंदू धर्म अपना लिया और नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में सचिन से शादी कर ली। भारत आने के बाद उसने अपने बच्चों के नाम भी बदल दिए। उनके बेटे फरहान अली का नाम अब राज है और उनकी बेटियों फरवा, फरीहा बतूल और फरहा का नाम बदलकर प्रियंका, मुन्नी और परी रखा गया है। इस बीच, उनके पहले पति गुलाम हैदर पाकिस्तान में रहते हैं।

# नई मुस्लिम लीग बन गई कांग्रेस, बीजेपी बोली- पूजा स्थल कानून के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट जाना हिंदुओं के खिलाफ खुली जंग

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस द्वारा पूजा स्थल (विशेष प्रविधान) अधिनियम के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट जाने का कदम हिंदुओं के खिलाफ खुली जंग की घोषणा है। साथ ही यह भी कहा कि कांग्रेस अब %%नई मुस्लिम लीग%% बन चुकी है।भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा, %%कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के बहाने पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का आग्रह किया है।इसके जरिये वह ऐतिहासिक अन्यायों को सुधारने के लिए कानूनी उपायों का हिंदुओं का संवैधानिक अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। भाजपा ने इस अधिनियम का विरोध तब से किया है, जब 1991 में नरसिंह राव सरकार ने इसे राम मंदिर आंदोलन के बीच में पारित करने की कोशिश की थी। भाजपा की कड़ी आपत्ति के बावजूद यह पारित हो गया।इसके तहत, 15 अगस्त 1947 को भारत की स्वतंत्रता के समय जो भी पूजा स्थल जैसा था, उसे वैसा ही रखने का प्रयास करता है। इस कानून के अंतर्गत, अयोध्या के विवादित स्थल को छोड़कर सभी पूजा स्थलों के स्वरूप को स्थिर रखने का प्रविधान था।यह कानून संघ परिवार की काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा की शाही ईदगाह पर दावा करने की कोशिशों को रोकने के लिए लाया गया था। लेकिन यह पहली बार है जब भाजपा ने इस कानून पर अपने रुख को फिर से दोहराया है।ऐसे में सवाल यह उठता है कि केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में क्या रुख अपनाएगी। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में इस कानून का समर्थन करते हुए कहा कि यह कानून भारत में धर्मनिरपेक्षता को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है और यह संविधान की एक मौलिक विशेषता है जिसे सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए लागू किया जाना चाहिए।भाजपा का कहना है कि कांग्रेस ने भारत के विभाजन के समय धार्मिक आधार पर सहमति दी थी। इसके बाद कांग्रेस ने वक्फ कानून लागू किया, जिससे मुसलमानों को अपनी इच्छा से संपत्तियों का दावा करने और देशभर में छोटे पाकिस्तान स्थापित करने की अनुमति मिली। इसके बाद कांग्रेस ने पूजा स्थल कानून पारित किया, जिसने हिंदुओं को उनके ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को पुन- प्राप्त करने का अधिकार छीन लिया।




## कांग्रेस ने लगाया आरोप तो शिवराज सिंह ने किया पलटवार, बोले- कर्नाटक सरकार ने नहीं किया केंद्र से आवंटित धन का उपयोग



**बेंगलुरु।** केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक सरकार ने केंद्र सरकार द्वारा आवंटित धन का उपयोग नहीं किया है।केंद्र सरकार द्वारा धन आवंटन में भेदभाव करने के कांग्रेस के आरोप के बारे में उन्होंने कहा, मैं यहां कर्नाटक में हूं और धन की पेशकश कर रहा हूं। कर्नाटक सरकार ने अनुरोध नहीं किया है, लेकिन मैंने फिर भी धन की घोषणा की है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान विकास और लोगों के कल्याण की राजनीति पर है। केंद्र सरकार की कई योजनाएं हैं जिनके तहत कर्नाटक सरकार ने आवंटित धन का उपयोग ही नहीं किया है। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं बताना चाहता। उन्होंने राज्य सरकार को समय पर धन का उपयोग करने और उसका प्रमाण पत्र जमा करने की अपील की।चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अतिरिक्त 4.68 लाख मकानों को मंजूरी दी है। यह केंद्र द्वारा मूल रूप से स्वीकृत 2.57 लाख मकानों के अतिरिक्त है। उन्होंने कर्नाटक सरकार से आवास परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की। सीमा क्षेत्र विकास योजना के तहत कर्नाटक के लिए 97 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे।कर्नाटक में भाजपा के आंतरिक चुनाव प्रभारी चौहान ने कहा कि नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले भारत ने चली बड़ी कूटनीतिक चाल, अमेरिका पहुंचते ही एस. जयशंकर उठाएंगे ये कदम

**नई दिल्ली।** ट्रंप प्रशासन के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की शुरुआत में भारत कोई देरी नहीं करना चाहता। यही वजह है कि 20 जनवरी, 2025 को अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण समारोह के कुछ ही घंटे बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर की ट्रंप प्रशासन के संबंधित लोगों के साथ द्विपक्षीय हितों से जुड़े हर मुद्दों पर बात होगी। जयशंकर शपथग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहां उनकी ट्रंप प्रशासन के साथ भारत-अमेरिका कारोबारी संबंधों और आव्रजन संबंधी मुद्दों पर खास तौर पर बात होगी। साथ ही जयशंकर अमेरिका के नये विदेश सचिव के साथ क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की अलग से आयोजित बैठक में भी हिस्सा लेंगे। यह बैठक मुख्य तौर पर भारत में होने वाली आगामी क्वाड शिखर सम्मेलन की तैयारियों के संदर्भ में होगी।कूटनीतिक सूत्रों ने बताया कि भारत ने सोच समझ कर ट्रंप प्रशासन के साथ बगैर किसी देरी के विमर्श का दौर शुरू करने का फैसला किया है।



दिसंबर, 2024 के अंत में विदेश मंत्री जयशंकर का अमेरिका दौरा और अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथग्रहण समारोह में विदेश मंत्री का जाना, इस फैसले का ही हिस्सा है।इसके पीछे दो वजहें हैं। एक, भारत का आकलन है कि आने वाले समय में वैश्विक अस्थिरता तेजी से बढ़ने वाली है। विदेश मंत्री जयशंकर ने हाल के हफ्तों में कई बार सार्वजनिक भाषणों में इस बात का जिक्र किया है।दूसरा, ट्रंप प्रशासन की कारोबार व आव्रजन संबंधी नीतियों में बड़े बदलाव की बात कही है और अगर इसे लागू किया जाता है तो भारत पर खासा प्रभाव होगा। ऐसे में प्रारंभ में ही दोनों देशों के बीच वार्ता की शुरुआत होने से नीतिगत सामंजस्य बनाने में आसानी होगी।सनद रहे कि ट्रंप ने सरकार गठन के बाद उन देशों के आयात पर ज्यादा शुल्क लगाने की बात कही है जो अमेरिकी उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगाते हैं। ट्रंप पूर्व में कई बार सार्वजनिक तौर पर चीन, कनाडा के साथ भारत का नाम भी ले चुके हैं जिनके आयात पर वह ज्यादा शुल्क बतौर अर्थदंड लगाना चाहते हैं।ट्रंप अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी भारत सरकार की तरफ से ज्यादा शुल्क लगाने की नीति पर अपनी नाराजगी जताते रहे हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार देश है। कारोबार संतुलन भी भारत के पक्ष में है। हाल के महीनों में भारत के निर्यात की स्थिति बहुत सुखद नहीं है। ऐसे में भारत नहीं चाहेगा कि सबसे बड़े कारोबार साझेदार देश के साथ तनाव बढ़े। जयशंकर की आगामी यात्रा इस मुद्दे पर बात करने का मौका देगा।

# डार्क चॉकलेट खाने से मधुमेह का खतरा कम हो सकता है, लेकिन दूध से नहीं



एक दीर्घकालिक अमेरिकी अध्ययन के अनुसार, सप्ताह में पांच बार डार्क चॉकलेट खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है, न कि दूध वाली चॉकलेट।

बीएमजे में प्रकाशित, शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि दूध वाली चॉकलेट का अधिक सेवन, लेकिन डार्क चॉकलेट का नहीं, दीर्घकालिक वजन बढ़ने से जुड़ा था।

चॉकलेट में फ्लेवेनॉल्स (फलों और सब्जियों में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक यौगिक) की उच्च मात्रा होती है, जो हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और मधुमेह के जोखिम को कम करने में सहायक होता है।

लेकिन असंगत परिणामों के कारण चॉकलेट के सेवन और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम के बीच संबंध विवादास्पद बना हुआ है।

इसके अतिरिक्त, अधिकांश पिछले अध्ययनों में यह नहीं देखा गया कि डार्क और मिल्क चॉकलेट - जिनमें कोको, दूध और चीनी की मात्रा अलग-अलग होती है - खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम पर अलग-अलग प्रभाव पड़ सकता है या नहीं।

इस पर आगे अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ताओं ने महिला नर्सों और पुरुष स्वास्थ्य पेशेवरों पर किए गए तीन दीर्घकालिक अमेरिकी अवलोकन अध्ययनों के आंकड़ों को संयुक्त किया, जिनमें भर्ती के समय मधुमेह, हृदय रोग या कैंसर का कोई इतिहास नहीं था।

उन्होंने 25 वर्षों की औसत निगरानी अवधि में 192,208 प्रतिभागियों के लिए टाइप 2 मधुमेह और कुल चॉकलेट उपभोग के बीच संबंधों का विश्लेषण किया, तथा 111,654 प्रतिभागियों के लिए चॉकलेट उपप्रकार (डार्क और दूध) उपभोग का विश्लेषण किया।

सम्पूर्ण चॉकलेट के विश्लेषण में 18,862 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।

व्यक्तिगत, जीवनशैली और आहार संबंधी जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, लेखकों ने पाया कि जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार किसी भी प्रकार की चॉकलेट खाते हैं, उनमें टाइप 2 मधुमेह की दर उन लोगों की तुलना में 10 प्रतिशत कम देखी गई, जो कभी-कभार या कभी भी चॉकलेट नहीं खाते थे।

चॉकलेट उपप्रकारों के विश्लेषण से पता चला कि 4,771 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।

समान जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार डार्क चॉकलेट खाते थे, उनमें टाइप 2 मधुमेह का जोखिम 21 प्रतिशत कम हो गया, लेकिन दूध चॉकलेट के सेवन के साथ कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया।

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि डार्क चॉकलेट की प्रत्येक अतिरिक्त साप्ताहिक खुराक से टाइप 2 मधुमेह का खतरा 3 प्रतिशत कम हो जाता है।

शोधकर्ताओं ने कहा, निष्कर्षों की पुष्टि करने और डार्क चॉकलेट के सुरक्षात्मक प्रभाव के कारणों की पहचान करने के लिए नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता है।

## बॉलीवुड के रोमांटिक सिंगर दर्शन रावल ने बेस्ट फ्रेंड संग रचाई शादी

सिंगर दर्शन रावल ने शादी के बंधन में बंधते हुए अपनी जिंदगी की एक नई शुरुआत की है। उनकी शादी की खबर से उनके फैंस और चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई है। दर्शन ने अपनी शादी की खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जो देखते ही देखते वायरल हो गईं। इन तस्वीरों में दर्शन बेहद खुश और एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। शादी के इस खास मौके पर दर्शन ने अपने फैंस के साथ अपनी जिंदगी के सबसे खास पलों को साझा किया।

दर्शन की शादी की तस्वीरें न सिर्फ उनकी खुशी जाहिर कर रही हैं, बल्कि उनके फैंस के लिए भी यह एक बड़ा सरप्राइज है। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा, हमेशा के लिए मेरी बेस्ट फ्रेंड्स। यह बताता है कि उनकी दुल्हन धरल न केवल उनकी जीवनसाथी हैं, बल्कि उनकी सबसे करीबी दोस्त भी हैं। उनकी शादी का यह खास दिन प्यार और दोस्ती का अनोखा संगम बना।

**बेस्ट फ्रेंड बनीं जीवनसाथी**

दर्शन रावल ने बताया कि उन्होंने अपनी बेस्ट फ्रेंड धरल से शादी की है। अपनी शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए दर्शन ने कैप्शन लिखा, हमेशा के लिए मेरी बेस्ट फ्रेंड्स। तस्वीरों में दोनों की बॉन्डिंग और प्यार साफ नजर आ रहा है।



## केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते हैं ये संकेत, भूलकर न करें इग्नोर



एक अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 17.9 मिलियन लोग दिल की बीमारी से मर जाते हैं. इसमें से करीब 85त्न लोग दिल का दौरा पड़ने या फिर स्ट्रोक आने की वजह से दम तोड़ देते हैं. यूं तो ये बात कई शोध में साबित हो चुकी है कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में दिल का दौरा पड़ने का खतरा ज्यादा होता है. लेकिन बीते कुछ सालों में महिलाओं में भी ये समस्या बढ़ती जा रही है. हार्ट अटैक के ज्यादातर लक्षण महिला और पुरुष में एक जैसे होते हैं. लेकिन क्या आपको पता है केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते कुछ संकेत बिल्कुल अलग होते हैं. क्या हैं वो संकेत, आइए जानते हैं इसके बारे में.

**महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के लक्षण**

महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने पर पुरुषों की तरह कई बार सीने में तेज दर्द नहीं होता है. बल्कि उन्हें कुछ हल्के संकेत ही दिखाई दे सकते हैं. जैसे कई बार महिलाओं को सीढ़ियां चढ़ते समय सीने में दर्द जैसा महसूस होता है या फिर हल्के काम करने के बाद भी सांस लेने में तकलीफ होती है. डॉ. राजीव सेठी बताते हैं कि ऐसा अगर आपके साथ बार-बार हो रहा है तो इसे नजर अंदाज न करें.

**दिल की बीमारी होने पर महिलाओं में दिखते हैं ये संकेत**

चक्कर आना
निचली छाती में दर्द
ऊपरी पेट में दर्द
अत्यधिक थकान
सांस की तकलीफ
मतली/उल्टी
पीठ या जबड़े में दर्द

महिलाएं हार्ट अटैक से कैसे करें बचाव?

महिलाओं को समय-समय पर अपना हेल्थ चेकअप कराते रहना चाहिए. कोई भी लक्षण लंबे समय तक दिखने पर चिकित्सक से परामर्श जरूर करें. मेनोपॉज के दौरान महिलाओं को ज्यादा सावधान रहना चाहिए. हेल्दी डाइट अपनाएं और रोजाना एक्सरसाइज जरूर करें. रात में देर तक जागने की बजाय जल्दी सोएं.



**ब्लैक एंड व्हाइट लहंगे में राशा थडानी ने गिराईं हुस्न की बिजलियां, आजाद एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं पर फिदा हुए फैंस**

## एक्टिंग के बाद अब म्यूजिक में दमखम दिखाएगी काजोल सोलंकी

काजोल सोलंकी एक बेहतरीन मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट और मॉडल है। हाल ही में इन्हें वड़ोदरा में निधि फाउंडेशन की ओर से ब्यूटी सेलिब्रिटी आवर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड इन्हें मशहूर टीवी अभिनेत्री रुपाली गांगुली के हाथों मिला। अहमदाबाद में सम्पन्न हुए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी काजोल सम्मानित हुई हैं। यह अवार्ड इन्हें महाभारत में द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले एक्टर सुरेंद्र पाल के हाथों प्राप्त हुआ।

काजोल बेहद मेहनती और प्रतिभावान है। उन्होंने बताया कि वह एक के बाद एक ऐसे विशेष अवार्ड मिलने से बेहद प्रसन्न और उत्साहित है। काजोल सोलंकी ब्यूटी पार्लर और मेकअप का काम बेहद पसंद है। अप एक्टिंग के बाद अब म्यूजिक में दम कम दिखाएंगे काजल सोलंकी ने दम पर इन्होंने अपने हुनर को संवारा और आज वह कई मॉडल्स का मेकअप और हेयर स्टाइल का काम करती है। यह काम करते हुए वह इतनी पारंगत हो गई कि उन्होंने खुद मॉडलिंग शुरू कर दिया। हॉल ही में वियतनाम में इन्होंने रैम्प वॉक किया, साथ ही कई शो में वह रैम्प वॉक कर चुकी हैं। अब वह अभिनय में भी आ रही हैं, जनवरी माह में उनकी म्यूजिक वीडियो लॉन्च होने वाली है।



काजोल सोलंकी अहमदाबाद की रहने वाली है। इन्हें इनके परिवार का प्यार और सपोर्ट दोनों मिला है। जिन्हें ट्रेवलिंग और ट्रेकिंग करना पसंद है। भगवान शिव में इनकी बड़ी आस्था है और यह सारे ज्योतिर्लिंग और शिव जी के स्थानों का दर्शन करना चाहती हैं। इस कड़ी में वह आठ ज्योतिर्लिंग, पशुपति नाथ और कई मंदिरों का दर्शन कर चुकी हैं। वह अपनी गुरु गिरिजा पटेल का बहुत सम्मान करती हैं, जिन्होंने मेकअप और हेयर स्टाइल सिखाया। वह बॉलीवुड में अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की बहुत बड़ी फैन है। काजोल अपने बड़े भाई को अपना आदर्श मानती है। उनके बड़े भाई हमेशा काजोल का मार्गदर्शन करते हैं और हर परिस्थिति में साथ देते हैं। काजोल सोलंकी ने बताया कि आज वह जिस मुकाम पर है वहाँ तक का सफर तय करने के लिए कड़ी मेहनत की है और आज उनका धैर्य और मेहनत रंग ला रही है। उन्होंने इंडस्ट्री के बारे में कहा कि यहाँ पॉजीटिविटी और निगेटिविटी दोनों है। यह आप पर निर्भर करता है कि आप क्या चूज़ करते हो। सकारात्मकता के साथ रहोगे तो देर से ही सही पर आपकी मंजिल जरूर मिलेगी। साथ ही आप काम ऐसा करो कि आपके परिवार और समाज को आप पर गर्व महसूस हो।

## पलक तिवारी के लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल, पिंक आउटफिट में एक्ट्रेस ने जमकर दिए पोज



किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका कातिलाना लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक बार फिर से अपनी हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो जल्दी ही वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट लुक देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस पलक तिवारी ने पिंक कलर का ऑफ शोल्डर आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही बोल्ड एंड ब्यूटिफुल नजर आ रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका कातिलाना अवतार दिखते ही इंटरनेट पर तबाही मच जाती है।

बताते चलें पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो उनका हर एक स्टाइल लोग अच्छे से फॉलो करते हैं।



**फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए स्टाइलिश अवतार में पहुंची कंगना, इमरजेंसी के पोस्टर के सामने दिए जबरदस्त पोज**

**इसी बीच हाल ही में कंगना रिलीज से पहले फिल्म स्क्रीनिंग में पहुंची, जहां वह अपने लुक से सबको इम्प्रेस करती नजर आईं।**

## शब्द सामर्थ्य - 301

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 300 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

# एसडीएम और तहसीलदार ने पटना उपार्जन केन्द्र का जायजा लिया

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में धान खरीदी को लेकर जहां एक और प्रशासन सजग है तो वही बिचौलिए अपना धान बेचने में भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं कोरिया जिले का पटना धान खरीदी केंद्र हमेशा से सुर्खियों में रहता है पटना धान खरीदी केंद्र में पिछले वर्ष करोड़ों का घोटाला किया गया था बावजूद इसके प्रशासन पटना धान खरीदी केंद्र में 54 क्विंटल पुराना धान बेचने खरीदी केन्द्र पहुंचा था। किसान, निरिक्षण में पहुंच गए एसड़ीएम, तहसीलदार। किसान के धान को रिजेक्ट करते हुए रकबा समर्पण कराया।

धान खरीदी केन्द्र पटना में शुक्रवार को एक किसान अपने खाते में बेचने के लिए 54 क्वींटल पुराना धान लेकर पहुंचा था लेकिन निरिक्षण में एसड़ीएम दीपिका नेताम और तहसीलदार प्रतीक जायसवाल भी पहुंच गए और उनकी नजर किसान के धान पर पड़ी, धान पुराना होने के कारण धान को रिजेक्ट कर दिया गया और किसान के खाते के 54 क्वींटल के



रकबा को किसान से समर्पण करा दिया गया ताकि दुबारा उस खाते में फर्जी तरीके से धान न बेचा जा सके। इसी तरह मिक्स धान लेकर बेचने के लिए पहुंचे 3 किसानों के धान को भी रिजेक्ट कर दिया गया।

## पुलिस द्वारा जप्त कोयले से भरी बोरी

### 30 बोरी कोयला, एक मोटर साईकिल सहित 2 ग्रामिण पुलिस के हत्थे चढ़े

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के पटना पुलिस ने 30 बोरी कोयला, एक मोटर साईकिल जप्त करते हुए दो लोगों को पकड़ा। पटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत संचालित नगरीय एवं ग्रामिण क्षेत्रों में संचालित अवैध ईंट भट्ठों में इन दिनों भारी मात्रा में चोरी के अवैध कोयले को खपाया जा रहा है इसी तरह ईंट भट्ठों में खपाने के लिए लेकर जा रहे अवैध कोयले को पटना पुलिस ने पकड़ा, पुलिस ने 30 बोरी कोयला एक मोटर साईकिल व दो ग्रामिणों को पकड़ा।

# भूकंप जैसे झटके और दरारों के बीच चल रही पढ़ाई

## विस्फोटों से दरकती दीवारें, शिक्षा का केंद्र या मौत का घर

**कोरिया बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के नगर निगम चिरमिरी के बरतुंगा प्राथमिक शाला और डीएवी स्कूल की बिल्डिंग में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे और शिक्षक रोजाना जान का खतरा उठाने को मजबूर हैं। स्कूल से महज 150 मीटर की दूरी पर स्थित एसईसीएल चिरमिरी की बरतुंगा ओपन कास्ट माइंस में हो रहे विस्फोटों के कारण स्कूल की इमारत में दरारें पड़ चुकी हैं और भूकंप जैसे झटकों का अनुभव किया जा रहा है।

शासकीय प्राथमिक शाला बरतुंगा का जायजा लिया तो वहां की स्थिति बेहद चिंताजनक पाई। बच्चों ने बताया कि पढ़ाई के दौरान अचानक विस्फोट होता है, जिससे पूरी बिल्डिंग हिलने लगती है।



पांचवीं कक्षा की छात्रा मुस्कान ने बताया कि जब ब्लास्टिंग होती है, तो जमीन हिलती है और डर लगता है। वहीं चौथी कक्षा के एक अन्य छात्र ने कहा कि ऐसा लगता है कि कहीं छत गिर न जाए। स्कूल की शिक्षिका बिंदेश्वरी ने बताया कि हर ब्लास्टिंग के साथ बिल्डिंग में कंपन होता है। बच्चे पढ़ाई छोड़कर दौड़कर बाहर चले जाते हैं। हमें भी डर लगा रहता है कि कब छत गिर जाए।

**डीएवी स्कूल की खतरनाक स्थिति**

डीएवी स्कूल में 1,150 छात्र और 70 से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। यहां भी विस्फोटों की वजह से बिल्डिंग में कंपन होता है। स्कूल के पास मिट्टी और पत्थरों का ढेर लगा है, जिससे बिल्डिंग और अधिक कमजोर हो गई है।

जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि डीएवी स्कूल की स्थिति बेहद चिंताजनक है और कलेक्टर को इस बारे में अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा आगामी शिक्षा सत्र 2025-2026 से डीएवी स्कूल को उस बिल्डिंग में संचालित नहीं किया जाएगा। मीडिया के माध्यम से पता चलने पर प्राथमिक शाला बरतुंगा के लिए भी कदम उठाए गए हैं। ब्लास्टिंग का समय दोपहर 2 बजे के बाद रखा गया है, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुबह 9.30 से 1.30 के बीच पूरी हो सके।

हालांकि, यह सवाल उठता है कि आखिर बच्चों की सुरक्षा के साथ समझौता क्यों किया जा रहा है विस्फोट के कारण पहले ही बिल्डिंग में दरारें पड़ चुकी हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करना अत्यंत आवश्यक है।

# अब तक नहीं बनायी जा सकी सड़क किनारे नाली

### ग्राम पंचायत करजी कार्यालय में खरीदी की अपेक्षा कम मात्रा में उपलब्ध कुर्सीयां व टेबल

**सरपंच सचिव ने फर्जी बिल लगा किया भ्रष्टाचार, 15 वें वित्त के खाते से निकाले साढ़े सात लाख रूपए से भी अधिक राशि**

**बिना काम कराए 15 वें वित्त के खाते से करजी सरपंच सचिव ने निकाले लाखों रूपए, कलेक्टर से शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं**




**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले का जनपद पंचायत बैकुंठपुर फर्जीवाडे को लेकर हमेशा से सुर्खियों में रहा है जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों की विधवा जांच की जाए तो करोड़ों की घोटाले सामने आ सकते हैं तो वही ज्यादातर सरपंच घोटाले के जद में आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बैकुन्ठपुर के ग्राम पंचायत करजी में सरपंच व सचिव ने बिना काम कराए 776370 रूपए का गबन कर लिया और 138540 रूपए खर्च कर पंचायत क्षेत्र के बाहर एक ग्रामिण के नीजी भूमी पर हेन्ड पंप का उत्खनन करा दिया गया। उन्होंने नियमों की शिथिलता और अफसरों से मिलीभगत कर इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। दरअसल पंचायत के 15 वें वित्त के मद के तहत 50 हजार से कम की राशि के लिए सरपंचों को एस्टीमेट बनाने की जरूरत नहीं होती है, इसी का फायदा उठाकर व अधिकारियों से सांठ गांठ कर सरपंच व सचिव ने 14 प्रस्ताव बनाकर, प्रस्तावों से राशि निकाल ली। भास्कर पडताल में पता चला कि जिन कामों के नाम पर 7 लाख से भी अधिक राशि निकाले गए हैं, मौके पर उनका नामो निशान नहीं है।

ग्राम पंचायत करजी में 4 साल पहले श्याम बिहारी घर से धर्मपाल कुशवाहा के घर तक सीसी नाली निर्माण के लिए सरपंच सचिव ने 154800 रूपए निकाले लेकिन यहां नाली नहीं बना है, इसी तरह पंचायत क्षेत्र के सडक किनारे, चौक, चौराहों में स्ट्रीट लाईट लगाने के नाम पर बडा खेल किया गया, सरपंच व सचिव ने स्ट्रीट लाईट लगाने के नाम पर 276930 रूपए की राशि निकाले लेकिन आज तक स्ट्रीट लाईट कहीं पर भी नहीं लगा और अभी फिर से सांसद मद से स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य स्वीकृत हुआ था लेकिन अब तक कार्य शुरू भी नहीं हुआ है और सरपंच सचिव द्वारा भूगतान कर दिया गया है, इसी तरह पंचायत में कुर्सी, टेबल, दरी निर्माण, कमप्यूटर खरीदी, डस्टबीन खरीदी के नाम से लाखों रूपए का आहरण फर्जी बिल लगाकर किया गया है।

**ग्राम पंचायत करजी में इन कार्यों के नाम पर निकाले लाखों रूपए** - सरपंच, सचिव के द्वारा 11 प्रस्ताव बनाकर नाली निर्माण के लिए 154800 रूपए, स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए 276930 रूपए, फर्नीचर व दरी खरीदी के लिए 106100 रूपए, कमप्यूटर खरीदी के लिए 50 हजार रूपए, डस्टबीन खरीदी के लिए 50 हजार रूपए की राशि फर्जी बिल लगाकर निकाल ली गई साथ ही हेन्ड पम्प उत्खनन के लिए 3 प्रस्ताव में 138540 रूपए निकाल लिए।

**दूसरे पंचायत में खुदवाया हेन्ड पंप अपने नजदीकी को दिलाया लाभ** - ग्राम पंचायत करजी के सरपंच व तत्कालिन सचिव ने अपने करीबी को लाभ दिलाने के चक्कर में ग्राम पंचायत करजी के बजाए नगर पंचायत पटना निवासी संजय सोनी के नीजी जमीन में हेन्ड पंप का उत्खनन करा कर 9 महिने पूर्व 3 अलग अलग प्रस्ताव के माध्यम से 138540 रूपए की राशि करजी पंचायत के 15 वें वित्त के खाते से कर दी। उत्खनन कराए गए हेन्ड पंप का लाभ न तो करजी के ग्रामणों को मिल रहा है और न ही किसी राहगीर को हेन्ड पंप से पानी मिल रहा है।

**ग्रामिणों ने बताई अपनी परेशानी, शिकायत के बाद भी जांच या कार्यवाही नहीं** - ग्राम पंचायत करजी निवासी उप सरपंच रामेश्वर प्रसाद राजवाड़े, योगेश राजवाड़े, शंकर लाल विश्वकर्मा, शेषमन, दिलबहार, महेन्द्र प्रसाद सहित दो दर्जन से भी अधिक ग्रामिणों ने बताया कि पंचायत भवन में होने वाली बैठकों के दौरान बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सी, दरी उपलब्ध नहीं है पिछले पंचवर्षिय में पूर्व सरपंच मीरा बाई के कार्यकाल में खरीदी की गई टेबल, कुर्सी से ही कार्यालय संचालन किया जा रहा है, बरसात होने पर श्याम बिहारी व धर्मपाल कुशवाहा के घर के बीच पानी का भराव हो जाता है।

गांव में स्ट्रीट लाईट न होने के कारण रात में सडकों व सार्वजनिक स्थानों पर अंधेरा रहता है जिससे सांप, बिच्छु के काटने का डर हमेशा बना रहता है जबकी इन कार्यों के लिए पंचायत द्वारा लाखों रूपए खर्च करना बताया जा रहा है साथ ही गांव के कई वार्डों में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है इसके बाद भी करजी पंचायत के विकास कार्य के लिए सरकार से मिली राशि से दूसरे पंचायत में एक ग्रामिण के निजी भूमि में सरपंच, सचिव द्वारा हेन्ड पंप उत्खनन कराया गया है इस संबंध में कलेक्टर कोरिया से शिकायत किया गया है किन्तु अभी तक न तो जांच हुई और न ही किसी प्रकार की कार्यवाही हुई है।

**जेपी सिंह सचिव - नाली निर्माण कार्य मेरे आने से पहले का है काम नहीं हुआ है, सांसद मद से स्ट्रीट लाईट लगना है जिसका भूगतान किया गया है, कमप्यूटर खरीदी की गई है, साधन नहीं मिला इसलिए पंचायत भवन नहीं ला पाया, फर्नीचर व डस्टबीन खरीद कर पंचायत भवन में रखा गया है, जनपद सदस्य चांदनी सोनी द्वारा जनपद के मद से हेन्ड़ पंप स्वीकृत कराया गया था, पाण्ड़वपारा रोड़ किनारे उत्खनन कराया गया है।**

## उपकरण लगाए जा रहे इंटरनेट सेवाएं सुधरेंगी

**पटना।** उपमहाप्रबंधक सुमन कुजूर व अभियंता उपेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवाओं में विस्तार किया जा रहा है, पटना में फोर-जी लग चुका है, नेटवर्क अच्छे से कार्य करे इसके लिए नए उपकरण लगाए जा रहे हैं ताकि बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को उच्च गति का इन्टरनेट व मोबाइल सेवा मिल सके।

स्काई प्रो आईएफ टीवी भी लांच किया गया है, जिससे ब्राडबैंड कनेक्शन के उपभोक्ता, भारत फाईवर कनेक्शन के तहत निशुल्क 300 से भी अधिक चैनल अपनी टीवी पर देख सकेंगे। पटना व बैकुंठपुर अभी वन साइड से कनेक्ट हुआ है इस माह के अंत तक सूरजपुर से भैयाथान तक कनेक्टिविटी हो जाएगी जिसके कारण यहां सेवाएं और अच्छी हो जाएगी। साथ ही पाण्ड़वपारा व कटकोना कालरी क्षेत्रों में भी उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। बता दें कि पटना में गड़बड़ी आने के कारण कालरी क्षेत्रों में इन्टरनेट सेवाएं बंद हो जाती थी लेकिन अब इससे राहतें मलेगी।

## नपा ने कम ब्याज पर 322 छोटे व्यवसायियों को ऋण उपलब्ध कराया

**बैकुंठपु।** बैकुंठपुर नपा क्षेत्र में छोटे व्यवसायियों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना के तहत शहर के कई लोगों को जोड़ा भी गया है। इस संबंध में नपा सीएमओ संजय दुबे ने बताया है किए केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत छोटे व्यापारियों चाट फुलकी, सब्जी, फल बेचने वाले गुमटी या ठेले लगाकर व्यापार करने वालों को उनकी जरूरत के अनुसार 10 से लेकर 50 हजार रुपए तक का ऋण न्यूनतम ब्याज दर पर दिलाया जा रहा है।

## मैहर में ब्राम्हण समाज ने किया उपनयन संस्कार और विवाह महोत्सव

**मैहर-सतना।** 15-16 जनवरी 2025 को त्रिकुट पर्वत स्थित मां शारदा धाम में आयोजित आचार्य ब्राह्मण सम्मेलन के अंतर्गत 75 बटुकों के जनेऊ संस्कार और एक भव्य विवाह समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में आर्यावर्त की पवित्र भूमि से आए आचार्य ब्राह्मण समाज के सजातीय पूरे भारत वर्ष विभिन्न प्रदेशों से सजातीय बंधु बड़ी संख्या में परिवार समेत उपस्थित हुए । जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से रायपुर, कोरबा, बिलासपुर, रायगढ़ , अंबिकापुर, बैकुंठपुर ,सरगुजा और जांजगीर से भी बड़ी संख्या में लोगों ने सम्मेलन में शिरकत किया ।



सम्मेलन में समाज के महिला पुरुष के अलावा युवक युवती अपने परिवार के साथ आए हुए थे जिन्होंने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**सम्मेलन की विशेषताएं**

समिति अध्यक्ष सत्य शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने माता रानी के आशीर्वाद और समर्पित मातृ शक्तियों के योगदान को इस महायज्ञ की सफलता का मूल आधार बताया। आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्षों, स्थानीय प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, और पत्रकारों का अहम सहयोग रहा।

**व्यवस्थाओं की सराहना**

भोजन, लाइट, और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभालने वाले स्वयंसेवकों को विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया। सत्य शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ब्राह्मण समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को सुदृढ़ करना है।

**भविष्य की योजनाएं**

आचार्य ब्राह्मण समाज ने सम्मेलन में समाज के विकास और एकता पर जोर दिया और आगामी आयोजनों को और भव्य बनाने का संकल्प लिया।

मां शारदा धाम मैहर सतना में हुए इस सफल आयोजन ने समाज में सामूहिकता और आध्यात्मिकता का संदेश दिया।

### सूरजपुर में सड़क सुरक्षा अभियान

## सीट बेल्ट और हेलमेट लगाने वाले पुलिस से सम्मानित

सूरजपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत सूरजपुर पुलिस ने यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने निःशुल्क हेलमेट वितरण किया। विदित हो कि शनिवार, 18 जनवरी 2025 को ग्राम खड़गवां में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर जरूरतमंद लोगों को हेलमेट वितरित किया और हेलमेट लगाकर बाईक चलाने एवं सीट बेल्ट लगाने वालों को फूल देकर सम्मानित किया। एसईसीएल प्रबंधन के सहयोग से चालकों को हेलमेट वितरित किए गए।

हेलमेट वितरण कार्यक्रम के दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व और सड़क पर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि हेलमेट केवल यातायात नियमों का पालन करने के लिए नहीं, बल्कि जीवन बचाने के लिए एक आवश्यक साधन है। आज हेलमेट वितरित किए जाने का मकसद सड़क सुरक्षा के प्रति





लोगों को जागरूक कर हेलमेट का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित करना है। इस पहल का उद्देश्य न केवल नियम तोड़ने वालों को सजा देना, बल्कि उन्हें सड़क पर सुरक्षित रहने की प्रेरणा देना भी है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सूरजपुर पुलिस द्वारा जागरूकता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

**हेलमेट पहनने वालों को फूल देकर किया गया सम्मानित**

सड़क पर सुरक्षित आवागमन के प्रति लोगों को जागरूक कर प्रोत्साहित करने की कवायद भी लगातार जारी है। इसी क्रम में डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने हेलमेट पहनकर बाईक चलाने व सीट बेल्ट का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को फूल देकर सम्मानित किया और उन्हें यातायात नियमों के प्रति औरों को भी जागरूक करने की बात कही। इस अवसर पर महाप्रबंधक एसईसीएल भटगांव दिलीप एम बोबडे ने भी यातायात सुरक्षा से जुड़े अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उप क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश राय, खान प्रबंधक बेचन सिंह, एसडीओपी प्रतापपुर नंदिनी ठाकुर, चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल, क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण सहित गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

## बिलासपुर रेलवे स्टेशन में बढ़ी यात्रियों की परेशानी


**बिलासपुर।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन प्रशासन ने ड्रॉप एंड गो और प्रीमियम पार्किंग को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आम यात्रियों के लिए दोपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग की भी शिफ्टिंग कर दी गई है, जो प्लेटफॉर्म से काफी दूर है।

पहले जीआरपी कार्यालय के सामने दोपहिया वाहनों की पार्किंग थी, जहां से यात्री आसानी से गेट नंबर 2 के जरिए प्लेटफॉर्म तक पहुंच जाते थे। पार्सल कार्यालय के सामने की पार्किंग भी बंद कर दी गई है। हालांकि, रेलवे अधिकारियों की कारें और बाइक अभी भी स्टेशन के सामने पार्क की जा रही हैं।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ सुस्कर विपुल विलास राव के मुताबिक, 392 करोड़ रुपए की लागत से स्टेशन का रिडेवलपमेंट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को पार्किंग से प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में आसानी होगी। पूर्व जेडयूआरसीसी सदस्य वी रामाराव ने बताया कि बिलासपुर जोन से रेल यात्री सुविधा कमेटी में कोई सदस्य नामित नहीं होने के कारण यात्रियों की समस्याओं पर चर्चा नहीं हो पा रही है।

## बिजली आपूर्ति आखिर कब हो सकेगी नई व्यवस्था से

**सोनहत।** गांव में बिजली खंभा लगा तार खीचने के साथ ट्रांसफार्मर लगाने के बाद ग्रामीणों को लगा की अब रात के अंधेरे से छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन दो साल बीतने के बाद आज तक पावर सप्लाई शुरू नही किया जा सका है। जिसके चलते ग्रामीण अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। ग्रामीणों में बिजली विभाग की इस लापरवाही को लेकर आक्रोशित भी है।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक सोनहत के ग्राम पंचायत कछाड़ी व उसके आश्रित गांव भगवतपुर, छेंगुरा में बिजली पहुंचाने विभाग ने खंभे लगा कर लाइन खींचा और ट्रांसफार्मर भी लगाया। लेकिन दो साल गुजर गए बिजली सप्लाई शुरू नही हो सका। इससे ग्रामीणों को बिजली आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि दो साल पहले कछाड़ी, भगवतपुर समेत छेंगुरा में बिजली पहुंचाने के लिए विभाग ने बड़ी तेजी से खंभा लगाने के साथ ही तार खींच दिया। यहीं नही ट्रांसफार्मर भी लगाया, लेकिन अब तक पावर सप्लाई



नही? करने से ग्रामीण बिजली आने का इंतजार कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग ने बिजली पहुंचाने सारी प्रक्रिया पूरी कर ली। फिर पावर सप्लाई शुरू करने में देरी करना समझ से परे है।

## मोहल्ले के लोगों ने चंगाई सभा पर एतराज जताया तो हरकत में आयी पुलिस, उड़ीसा के तीन पास्टर गिरफ्तार

**रायगढ़ ।**रायगढ़ जिले के बांसडांड में एक घर में चंगाई सभा चल रही थी। वहां मोहल्ले के 20 से ज्यादा लोग जुटे थे। मोहल्ले के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने थाने को सूचना दी। पुलिस ने ओडिशा के 3 पास्टर को गिरफ्तार कर लिया है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को बांसडांड के पूटूपारा मोहल्ला में रहने वाले धरम भगत के घर ओडिशा से 3 पास्टर पहुंचे थे। उसके घर में चंगाई सभा चल रही थी। जिसमें धर्म परिवर्तन के लिए लोगों को कई तरह से प्रलोभन दिया जा रहा था।

इसी धरम भगत के घर के बगल से गुजर रहे लोगों को इसकी जानकारी लगी, तो लोकेश्वरी सिदार और अन्य लोग वहां पहुंचकर इसका विरोध करने लगे। जिससे माहौल गरमाने लगा। जिसके बाद लोकेश्वरी सिदार ने मामले की सूचना थाने में दी।

लैलूंगा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभा को बंद कराते हुए ओडिशा से आए पास्टर लक्ष्मण भगत, अशोक केता और मुन्ना केता को गिरफ्तार कर लिया। मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**दूसरे धर्म के लिए अभद्र टिप्पणी**

शिकायतकर्ता लोकेश्वरी सिदार ने बताया कि, चंगाई सभा में दूसरे धर्म के लिए अभद्र टिप्पणी किया जा रहा था। पूटूपारा मोहल्ले के करीब 20-22 महिला पुरुष यहां मौजूद थे। मामले की शिकायत थाने में की गई है।

**लगातार किया जाएगा विरोध**

हिंदू संगठन के अंशु टूटेजा ने बताया कि, बांसडांड के एक घर में चंगाई सभा होने की सूचना हमको मिली। पूर्व में शहरी क्षेत्र में धर्मांतरण का खेल चल रहा था। जब हमने इसका विरोध किया, तो अब ग्रामीण क्षेत्रों में भोले-भाले लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण का खेल खेला जा रहा है। इसका लगातार विरोध किया जाते रहेगा। इस मामले में लैलूंगा थाना प्रभारी राजेश जांगड़े ने बताया कि, मामले की शिकायत मिलने के बाद 3 पास्टर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# नहीं बनाई एप्रोच रोड, भलपहरी गांव के पास बढ़ गई परेशानी

### मुख्य सड़क तक जाने में छूट रहा पसीना

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा सोशल कॉर्पोरेट रिस्पांसिबिलिटी के अंतर्गत 200 करोड़ की राशि इमलीछापर कुसमुंडा से तरदा तक सड़क निर्माण कराया जा रहा है। 4 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद यह सड़क पूरी नहीं हो सकी हैं। दूसरी और भलपहरी के पास एप्रोच रोड का निर्माण नहीं किए जाने से लोगों की परेशानी कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। मुख्य मार्ग तक पहुंचने को लेकर कई प्रकार की दिक्कतें पेश आ रहे हैं।

हर रोज इस मार्ग से हजारों वाहनों की आवाजाही होती है और बड़ी संख्या में लोग एक से दूसरे गंतव्य के लिए पहुंच बनाते हैं। कनकी बलौदा और आसपास के क्षेत्र को कनेक्ट करने के लिए यह रास्ता लोगों को सहूलियत वाला लगता है। काफी समय से इस रास्ते की बदहाली को दूर करने और लोगों को बेहतर सुविधा देने की मांग होती रही। पूर्व कांग्रेस शासन काल में कोरबा विधायक और छत्तीसगढ़ के राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल की पहल पर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने कोरबा जिले में बुनियादी सुविधाओं को हर हाल में अच्छा करने को लेकर







गंभीरता दिखाई। प्रबंधन के द्वारा इस सिलसिला में 200 करोड रुपए की राशि सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत की गई और महाराष्ट्र नागपुर के एसएमएस एजेंसी को कॉन्ट्रैक्ट दिया गया। लंबे समय तक अलग-अलग कारण से निर्माण कार्य विवादों में रहा और इसे लेकर उठा पटक होती रही। काफी समय गुजरने के बाद भी सड़क अब तक पूरी नहीं बन सकी है। ऊपर से ग्रामीण क्षेत्र में आने वाला सड़क का हिस्सा भी लोगों के लिए सर दर्द बना हुआ है। मौजूदा स्थिति में कछुआ की गति से सड़क निर्माण का काम चल रहा है।

इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों की शिकायत है कि भलपहरी तरदा के पास सड़क निर्माण के दौरान एक जगह रोड को डायवर्ट किया गया था। अब रोड बनने के बाद मुख्य सड़क के हिस्से को जोड़ने के लिए अप्रोच रूट नहीं बनाई जा सकी है। इससे बड़े हिस्से में ऊंचे नीचे भाग पर आवागमन करना काफी मुश्किल हो गया है और वाहनों के दबाव से गुबार उड़ने के कारण दुपहिया समेत दूसरी गाड़ियों में सफर करने वाले लोग बेहद परेशान हो रहे हैं। इस मामले में निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। लोगों की शिकायत से उसे कोई मतलब नहीं रह गया है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन के अधिकारी इस पूरे मामले में आंख बंद किए हुए हैं शायद इसीलिए यहां से जुड़ी हुई समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

### बना हुआ है दुर्घटना का डर

लोगों को इस बात की भी चिंता बनी हुई है कि जिस तरह से इस रास्ते पर दिन और रात में आवागमन करने के दौरान बड़ी मात्रा में गुबार उड़ता है, उससे स्थिति खतरनाक होती जा रही है। ठंड के मौसम में तापमान गिरने से विजिबिलिटी अपने आप में एक समस्या है और ऊपर से गुबार की स्थिति उत्पन्न होने पर खतरा और बढ़ सकता है। लोगों ने कहा है कि इससे पहले की कोई बड़ा हादसा यहां पर हो, समाधान के लिए गंभीरता दिखाई जानी चाहिए।

### स्कूल वाहनों के सामने भी चुनौतियां

ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत विद्यार्थियों को शहर के स्कूल-कॉलेज पहुंचाने में लगे हुए वाहनों के समक्ष भी सड़क को लेकर चुनौतियां बनी हुई है। मौजूदा कारणों से इस रास्ते पर न केवल मुश्किल पेश आ रही है बल्कि कई बार तो जाम जैसी परिस्थितियां बन जाती है। ऐसे में स्थिति सामान्य होने के लिए इंतजार करना पड़ता है और कई बार इसी चक्कर में शेड्यूल गड़बड़ हो जाता है। कई बार महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने से विद्यार्थियों को वंचित भी होना पड़ गया।

## नशे में चला रहे थे बाइक
### दोनों की टक्कर में चार घायल



**कोरबा।** ट्रैफिक पुलिस वाहन चालकों को ज्ञान देने में लगी है कि पूरी चैतन्य स्थिति में वाहन चलाएं ताकि खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरे भी। इसके बावजूद कई चालक मानने को तैयार नहीं हैं। इस चक्कर में हुए हादसे में दो बाइक टकराई गई। करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत चचिया के पास तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गया जहां हादसे से में चार लोग घायल हो गए तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। राहगीरों की नजर पड़ने पर घायलों को 112 के माध्यम से अस्पताल के लिए रवाना किया गया। दोनों ही बाइक की चालक शराब के नशे में धुत थे। एक बाइक में दो लोग वह दूसरे बाइक में दो लोग सवार थे।

## चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल बोईदा में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के हरदीबाजार क्षेत्र के चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार को बोईदा में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।स्कूल के छात्रों ने इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल के नन्हें मुन्हें बच्चों का नृत्य देखकर लोगों ने जमकर ताली बजाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच हेमलता मनोज जगत उपस्थित रहे।इस दौरान नाटक, सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्हें अतिथियों द्वारा खुब सराहा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।।

## सदस्य बनाने घर-घर जा रहा केएसएस

**कोरबा।** एसईसीएल में श्रमिक संगठनों ने सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। जिसके तहत केएसएस के कार्यकर्ता घर-घर व विभागों में जाकर कोयला कामगारों से मुलाकात कर सदस्य बना रहे है। कोरबा एरिया में केएसएस के अपून सरकार, जी राजेश, राजेश पिल्ले, प्रवीण रजक, सक्रिय हो गए है। कुसमुंडा में केएसएस के समार सिंह का कहना है कि यहां के कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रहे है। केएसएस संगठन काफी मजबूत हुआ है। इसी तरह एसईकेएमएसी के द्वारा ईकाईयों में पूरा ध्यान दिया जा रहा है। केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, संदीप चौधरी, किशोर सिन्हा, ईकाईयों के पदाधिकारियों से संपर्क बनाए हुए है। बगदेवा व सरईपाली में इस बार सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। यहां के अशोक सिंह , राजेश साहू, अजीत सिंह उदेश्वर नायक का कहना है कि कोयला कामगार उनके कार्यो से संतुष्ट है। इस बार कोरबा एरिया में एचएमएस भी कड़ी मेहनत कर रहे है। मानिकपुर में छतराम मिरी, चंद्र राम बंजारे लगातार सक्रिय है। केन्द्रीय कर्मशाला केएसएस के संतोष टंडन भी लगातार प्रयास कर रहे है।

## राम मंदिर प्रतिष्ठा दिवस पर शारदा विहार में निकलेगी शोभायात्रा

### 22 जनवरी को होगा आयोजन

**कोरबा।** अयोध्या में निर्मित भगवान श्री राम के मंदिर की प्रथम प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर कोरबा में कई स्थान पर आयोजन करने की तैयारी है। शारदा विहार आवासीय परिसर के शिव मंदिर से 22 जनवरी को दोपहर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए आयोजन समिति की ओर से तैयारी की जा रही है।



शोभा यात्रा आयोजन समिति के संयोजक ने बताया कि दोपहर दो बजे यात्रा का शुभारंभ भगवान की पूजा अर्चना के साथ शिव मंदिर से होगा। पिछले वर्ष 22 जनवरी को द्वादशी के दिन भगवान राम अयोध्या में अपने नूतन मंदिर में विराजित हुए थे जहां पर अब तक करोड़ श्रद्धालु दर्शन लाभ प्राप्त कर चुके हैं। प्रतिष्ठा दिवस को अविस्मरणीय बनाने के लिए पिछले वर्ष भी एक यात्रा कोरबा में निकाली गई थी। इसे ध्यान में रखते हुए प्रथम वर्षगांठ पर भी ऐसा आयोजन करने का विचार किया गया है और इसके लिए तैयारी जारी है। बताया गया की शोभायात्रा में परंपरागत करमा नर्तक दल के साथ राम पंचायतन की झांकी के अलावा कई और दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे। शारदा विहार महिला समिति को भी इस शोभायात्रा के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है जिसकी ओर से आवश्यक कार्य किया जा रहे हैं। समिति ने बताया कि पिछले एक पखवाड़ा से शोभायात्रा और वर्षगांठ को ध्यान में रखते हुए आसपास के तीन वार्ड में प्रातः कालीन प्रभात फेरी भजन कीर्तन के साथ की जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी हो रही है। आयोजन समिति की ओर से नागरिकों से आग्रह किया गया है कि 22 जनवरी को होने वाली शोभायात्रा में अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### ग्रामीणों क्षेत्रों में गौरा पूजन की धूम

**कोरबा।** इन दिनों ग्रामीणों क्षेत्रों में गौरापूजन की धूम है अनेकों गांव में गौरा पूजन कराए जा रहे है। आज तिलकेजा में गौरापूजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया यहां पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा उरगा मंडल के प्रतिमा सोनवानी उपस्थित थी। ग्राम पिड़िया में भी गौरा पूजन का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी व्यापक तैयारी की रही है। यहां पर भी प्रतिमा सोनवानी को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी

**कोरबा।** गणतंत्र दिवस को लेकर शैक्षणिक संस्थानों में औपचारिक तैयारी शुरू हो गई है। परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास कराया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम सीएसईबी ग्राउंड में होगा।

## अवास की कमी का उठेगा मुद्दा

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुडा परियोंजना में प्रबंधन व जेसीसी के मध्य वाता बुलाई गइ है। जिसमें आवासों की कमी व अन्य मुद्दों को जोर-शोर से उठाया जाएगा। बाहर से कुसमंडा में कोयला कामगार स्थानातरण होकर आ रहे है। लेंकिन उनके लिए पार्यप्त अवास नही है। इस मामले को प्रबंधक के सामने कई बार जोरशोर से उठाया गया है। आवास बनाने के लिए जगह का अवलोकल भी किया गसा था। लेकिन अभी तक यह कार्य शुरू नही किया गया है। जेसीसी बैठक में अशोक साहू, एनके सिंह, राजू सोनू, अजीत सिंह, अमिया मिश्रा, हिरेंद्र चंदा अन्य मुद्दों को भी उठाएगें। खास कर पदोन्नति के मामले लंबित मेडिकल बिली पास होले के मुदों को भी रखा जाएगा केएसएस के सॉजी जॉन ने गताया कि प्रबंधक के साथ लंबित मुद्दो पर चर्चा की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा : रेडियम पट्टी लगाई, टहनियों को छांटा

**कोरबा।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कई प्रकार की गतिविधियों पर कोरबा जिले में काम किया जा रहा है। करतला, सालियाभाटा और बांगो रोड में स्कूल व सड़क के किनारे लगे पेड़ों के टहनियों को काटा जा रहा है जिस की दुर्घटना की आशंका कम हो सके। इसके साथ ही डेंजर जोन में पेड़ों पर रेडियम पट्टी लगाई जा रही है ताकि रात को वाहन चालक आवाजाही को लेकर भ्रमित ना हो सके।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोरबा जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर काम किया जा रहा है। पुलिस की टीम ने करतला , सालिया भाटा में स्कूल और सड़क के किनारे अभियान चलाकर पेड़ों की टहनियों को कटवाने की कार्रवाई की जो सुगम आवागमन में बाधक बन रही थी। पुलिस की ओर से दुर्गा और बांगो पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत डेंजर जोन को चिन्हित कर वहां टर्निंग पॉइंट में पेड़ों पर रेडियम पट्टी लगाई। पुलिस का



यह अभियान पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चल रहा है। ट्रैफिक प्रभारी डीएसपी डीके सिंह, सहायक उप निरीक्षक रामनारायण रात्रि, मनोज राठौर, मालिक राम जांगड़ा, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह, लखन कंवर ,मनोज दुबे, कांस्टेबल लीलाराम पवन चंद्र का सहयोग पूरे अभियान में प्राप्त हो रहा है।

### कालसर्प दोष निवारण के लिए होगी अष्ठनाग पूजा

**कोरबा।** एसईसीएल कालोनी सुभाष ब्लॉक स्थित श्री अय्यप्पा शनिश्वर मंदिर में अष्ठनाग पूजा अनुष्ठान का आयोजन आगामी दिनों में किया जा रहा है। कालसर्प दोष निवारण के लिए इसे सही विकल्प बताया गया है। अय्यप्पा मंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 26 जनवरी को रात्रि 8 बजे मंदिर परिसर में यह अनुष्ठान होगा। प्रतिष्ठा दिवस पर तंत्रीमुख ब्रह्मश्री उन्नीकृष्णन लंबूदरी के निर्देशन में मनोज लंबूदरी और उनके सहयोगी पुजारी अष्ठनाग पूजा संपन्न कराएंगे। किसी भी प्रकार से जातक को उनकी कुंडली में कालसर्प दोष होने पर उसका निवारण अपरिहार्य माना गया है। इसके निराकरण के परिप्रेक्ष्य में इस अनुष्ठान की आवश्यकता होती है। मंदिर समिति ने बताया कि इच्छुक लोग इस अनुष्ठान में हिस्सा लेने के लिए नाम, गोत्र और नक्षत्र की जानकारी अग्रिम रूप से दे सकते हैं।

## समझाईश से नहीं बनी बात तो अवैध शराब के कारनामे पर रोक लगाने आगे आईं महिलाएं, लाहन और गैलन को जलाया

**कोरबा।** सशख्त नारी-सशख्त भारत का नारा केवल पढ़ने-लिखने तक ही सीमित नहीं है। कई मामलों में यह जमीन पर उतरता नजर आ रहा है। तिलकेजा गांव में महिलाओं के समूह ने अवैध शराब के काम में लगे लोगों को पहले अपने स्तर पर समझाया। अधिकारियों को जानकारी दी। कोई असर नहीं होने पर उन्होंने निर्णय लेते हुए महुआ लाहन और अवैध शराब से संबंधित सामान की होली जला दी। होली से कुछ दिनों पहले इस नजारे ने संदेश दिया कि बुराई का नतीजा हमेशा ऐसा ही होता है।

विकासखंड कोरबा के अंतर्गत तिलकेजा गांव में यह काम यहां की महिला शक्ति ने किया। उरगा थाना में शामिल इस गांव में एक मोहल्ला ऐसा है जहां कई लोगों की सक्रियता महुआ शराब बनाने में दर्ज की गई। लंबे समय से इस गतिविधि को लेकर आसपास के लोग आपत्ति दर्ज कराते रहे। जिला प्रशासन के जनदर्शन तक यह बात पहुंची थी और मांग की गई थी कि सिस्टम के जरिए इस पर रोक लगाई जाए। महिलाओं ने अवैध शराब बनाने और बेचने से उत्पन्न



परिस्थितियों के बारे में चिंता जताई थी और कहा था कि इसके आगामी नतीजे चिंताजनक हो सकते हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी इस मामले में कोई परिणाम हासिल नहीं हुए तो अंतिम बार महिलाओं की ओर से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना देने के बाद उन्होंने आज सुबह अपने स्तर पर निर्णय लेते हुए अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश दी। उन्होंने काफी मात्रा में महुआ लाहन को अपने कब्जे में किया जो अवैध शराब बनाने के उपयोग में आने वाला था। इसके अलावा प्लास्टिक गैलन को भी इकट्ठा किया और सबकी उपस्थिति में गांव के मैदान में इन्हें रखकर आग लगा दी। सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मी भी यहां लगाई गई थी। तिलकेजा के इस काम की हर तरफ चर्चा हो रही है।

### कई जगह विवाद की स्थिति

इससे पहले कटघोरा क्षेत्र के पंडरीपानी गांव में आबकारी की कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों ने एक उपनिरीक्षक को बंधक बना लिया था जिसे बाद में पुलिस ने मुक्त कराया। आबकारी सहायक संचालक आशा सिंह ने बताया कि तिलकेजा मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है।

### प्रभारी पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद कटघोरा के लिए प्रभारी बनाए गए हर्षिता पाण्डेय ने कटघोरा पहुंचक र कार्यकर्ताओं से चर्चा की वार्डो के दावेदारों ने अपनी बाते रखे । इसी तरह अध्यक्ष पद के लिए विरेन्द्र मोहन कश्यप, ओमप्रकाश डिक्सेना, ललिता डिक्सेना, गायत्री जायसवाल, सतीश जायसवाल, बजरग पटले, आत्माराम पटेल के नाम भी सामने आए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जितने वाले नामों पर ही विचार विर्मश किया जाए। ताकि आने वाले समय में भाजपा के प्रत्याशीी की जीत हो। बैठक में अभिषेक गर्ग। राजेन्द्र टंडन, डालेश्वर शुक्ला, सुनील खाड़े,शमजीत सिंह सहित अनेका कार्यकर्ता मौजूद थे।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com